नवलोकान्तिक देव सवे मिल, हाजर होय सुचारी। जय जय मङ्गल शब्द उच्चारत, धर्म गहो सुखकारी ॥ क्या० ३ दान धर्म शिवमारग प्रभुजी, प्रगट कियो हितकारी। दाता दीनदयाल जगतमे, जिन सम को सुविचारी ॥ क्या० ४ इन्द्रादिक सुर सुरी नर नारी, दीक्षोत्सव अतिभारी। गान दान सनमान तान करी, प्रभुगाति सकल सुप्यारी ॥ क्या० ५ ॥ तजि सन्सार लियो शुभयोगे, संयम सतर प्रकारी। मनपर्यव वर ज्ञान भयो तब, विहरत पर उपगारी ॥ क्या० ६ ॥ ॐ ह्रीं प० अ० ज० श्री दी० अष्टद्रव्य० स्वाहा ॥ ३ ॥

॥ अथ चतुर्थ केवलज्ञानकल्याणक पूजा ॥

॥ दोहा ॥

गजवर अश्व समूह रथ, पायक कोड़ा कोड़।
जिनदीक्षा महोत्सवसमें, हाजर होय तिण ठोर ॥
इन्द्रादिक सुर असुर नर, प्रभुकुं करे प्रणाम।
नर नारी आशीष दे, जयजय त्रिभुवन साम ॥
तजि आश्रव सम्बर गहे, संयमभाव निधान।
सब सन्सार तजी करी, भए अणगार प्रधान ॥

॥ तेरी पूजा वणी तेरसमें (एदेशी) ॥

धारी धारी धारी, जिन भए संयमपद धारी । चरण कमल वलिहारी । जि० । पंचसुमतिधर तीन गुपतिकर, सब जीवां सुखकारी ॥ जि० १ ॥ जीत लिये उपसर्गपरीसह, शत्रुसेना गणभारी । भय भैरवते निःप्रकम्प भए, निर्मम निरहङ्कारी ॥ जि० २ ॥ क्रोध मान माया लोभ आकिञ्चन, अकिञ्चन ब्रह्मचारी । पुष्करसम निरलेप जगत गुरु, निरञ्जन अविकारी ॥ जि० ३ ॥ चेतन पर प्रभु अप्रतिघाती, खे सम निराश्रयारी । खड्गी शृङ्ग परे एकाकी, अप्रतिबन्ध विहारी ॥ जि० ४ ॥

॥ दोहा ॥

रत्नत्रय परिग्रह करि, मुक्तिमार्ग अभिराम ।
निशिदिन करत विहारक्रम, प्रासुकाम निजधाम ॥

॥ सद्गुरुजी सुनो मेरी अरजी (एदेशी) ॥

जिनवरजी जगतहितकारी । जि० । जग वत्सल जगबंधु जगत गुरु, जग नायक जयकारी ॥ जि० १ ॥ कूर्मतणीपर गुप्तइन्द्रिय, अप्रमाद भारण्डसुचारी । अतिशय धाम धाम निष्कर्मीरज, वृषभपरें सुविहारी ॥ जि० २ ॥ शूर वीर प्रभु सिंहतणी पर, कुञ्जर करम विदारी । अतिगम्भीर सायरसम

शोभित, सौम्यलेश्या सुखकारी ॥ जि० ३ ॥ तेज पुञ्ज दिनकर सम दीपत, हेम वरण मनुहारी। सर्व सहन कारक धरणीपर, स्वच्छ हृदय कजधारी ॥ जि० ४ ॥

॥ दोहा ॥

अनुत्तर धर संयम कीया, कल्पातीत जिनन्द।
वीतराग विचरे प्रवर, रत्नत्रय जगचन्द ॥ १ ॥

॥ कुवजाने जादू डारा (एदेशी) ॥

जाके रागद्वेष भया न्यारा रे, सोई श्याम सकल सुखकारा। जा०। वासी चन्दन सम प्रभु जगमें, अपकारे उपकारा रे ॥ सो० १ ॥ कञ्चन काष्ठ समान है जाके, सुख दुःख सम उपचारा। कोउ निन्दत कोउ पूजत, जिनजी है अविकारा रे ॥ सो० २ जा० ॥ शिवसुख अरु भवसुख हू न वांछे, वीतराग प्रभु प्यारा। शूर वीर प्रभु क्षपकश्रेणि चढ़, मोहनी मल्ल पिछारा रे ॥ सो० ३ जा० ॥ क्षायिक संयमते शुभ योगे, अनुत्तर गुण गण धारा। पाठक विजय विमल कहे प्रभुके, चरण कमल बलिहारा रे ॥ सो० ४ जा० ॥

॥ दोहा ॥

घनघाती चउ कर्मको, क्षयकर क्षायिक ज्ञान।
दर्शन लोकालोकको, प्रगट प्रकाशी जान ॥ १

॥ (राग ठुमरी) वस मन क्षत्री कुण्डके तीर ॥

पायो प्रभु भवजलनिधिको तीर, अतुलीबल वड़वीर। पा०। अनुत्तर जाके सुमति गुपति है, अनुतरक्षमासुधीर ॥ प० १॥ मार्दवआर्यव अनुत्तर जाके, रोक्यो आश्रव नीर। संवरजोग क्रिया नवि विणठी, रही ईर्या सुख सीर। प० २॥ घनघाती सब शत्रुविनाशी, केवलज्ञान सुधिर। पूरन दर्शन प्रगट भयो है, निज आतम गुणक्षीर ॥ पा० ३॥ प्रातिहार्य अतिशय जिनसम्पद, भयो अनुकूल समीर। दे उपदेश भविक प्रतिबोधत, वचनातिशय गम्भीर ॥ पा० ४॥ लोका० लोक प्रकाश परम गुरु, कहि न सके मति धीर। पाठक विजयविमल परमातम, प्रभुता परम सु थीर ॥ पा० ५॥ ॐ ह्रीं परमा० अ० ज० श्रीम० केवलज्ञानकल्याणके अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा। इति ॥ ४॥

॥ अथ पञ्चम निर्वाण कल्याणक पूजा ॥

॥ दोहा ॥

इन्द्रादिक सुर सब मिली, तीन भुवन शिरदार।
सब दरशी सर्वज्ञनो, महिमा करे अपार ॥ १॥

॥ अतुल विमल मिल्या, अखण्ड गुणे० (एदेशी) ॥

अतुल विमल प्रभुता प्रभुकी लख, चोसठ इन्द्र उच्छव धरे ए । चार प्रकारके सुर सब मिलकर, समवसरण रचना करे ए ॥ अ० १ ॥ रजत कनक वर रत्न प्राकारे, कनक रत्न मणि कंगुरा ए । वृक्ष अशोक सिंहासन शोभित, तीन छत्र चामर ढुरा ए ॥ अ० २ ॥ दुन्दुभि प्रमुख श्रवण सुखदायक, गहिर सुरे वाजित्र घुरे ए । जानुप्रमाण पुष्पघन वरसत, जलज थलज विकसित सुरे ए ॥ अ० ३ ॥ साधु साधवी श्रावक श्राविका इन्द्रादिक सुरी सुर वरे ए । नरनारी तिर्यंग विद्याधर, द्वादशविध परिषद भरे ए ॥ अ० ४ ॥ भविजन धम तणे उपदेशे, जोजन गामी मधुर गिरे ए । प्रतिवोधत चौमुख श्रीजिनवर, निज निज भाषा अनुसरे ए ॥ अ० ५ ॥

ए, पढ़के वासक्षेप करे ।

॥ दोहा ॥

प्रगट पणे प्रभुकी प्रभा, प्रगट प्रकाशक रूप ।
प्रगटी प्रभुता परम सम, परमातम पदरूप ॥ १

॥ विगड़ी कौन सुधारे नाथ विना (एदेशी) ॥

भूमण्डल भविकमल विवोधन, दिनकर सम जिनराया है । भू० । अणहुन्ते इक कोड़ी अमरपद, पङ्कज भमर

लुभाया रे ॥ भू० १ ॥ ग्राम नगर पुर पट्टण विचरत, त्रिभुवन नाथ कहाया रे। चौसठ इन्द्र करे जाकी सेवा, तन मनसे लयलाया रे ॥ भू० २ ॥ इन्द्रानि मिल मङ्गल गावत, मोतियन चौक पुराया रे। सर्व जीव हितकारक प्रभुजी, निःश्रेयस सुखदाया रे ॥ भू० ३ ॥ भवजलनिधि निर्यामक जगगुरु, तारक सकल कहाया रे। शासन नायक सङ्घ सकल कुं, प्रवचन तत्त सुनाया रे ॥ भू० ४ ॥ अनन्तगुणाकर प्रभुजीकी महिमा, वरने को कविराया रे। पर उपकारक प्रभुके पाठक विजय विमल गुण गाया रे ॥ भू० ५ ॥ ए, कहके वासक्षेप करे।

॥ दोहा ॥

जिन निज भाषा भविकजन, तृपत न सुनतहि श्रोत। मीठी अमृत सम गिरा, समझत श्रम नहि होत ॥ १ ॥

॥ राग कहेरवो ॥

जिनन्दवामिल गयो रे, दोय चरणुं पर ध्यान। शुक्ल मन गहगह्यो रे। जि०। ज्ञायकज्ञेय अनन्तनो रे, सबदरसी जिनचन्द। सुरतरु सम जग वालहो रे, सेवत सुर नर इन्द धर्ममें लहलह्यो रे ॥ दो० १ ॥ चौदस गुण थानक कौ रे,

आतम वीर्य अनन्त। योग निरोधनकी कियारे, सूक्षम बादर कन्त। बन्ध सब दूर गयो रे, सरब सम्बर भयो रे ॥ दो॰ २ ॥ घन कर आत्मप्रदेशनो रे, कर शैलेशी कर्ण। कर्म सकल दूरे कियारे, जीर्णवस्त्र जिम पर्ण ; मुक्ति पद जिम लह्यां रे ॥ दो॰ ३ ॥ ज्ञान क्रिया कर कर्मको रे, क्षय कर पर अनुबन्ध। निज आतम रूपे लह्युं रे, शाश्वत सुख सम्बन्ध ; सिद्ध शुद्ध बुध थयो रे ॥ दो॰ ४ ॥

॥ दोहा ॥

अकल अगोचर अगमगम, सिद्ध भये सुविशुद्ध।
परमातम प्रभु परम पद, चिदानन्द अविरुद्ध ॥ १

॥ राग धनाश्री) तेजतरणीमुखराजै (पदेशी ॥

तेज तरणि सम राजे, प्रभुजीको। ते॰। एक समय प्रभु ऊरध गति कर, मुक्तिमहल सुविराजे ॥ प्रा॰ १ ते॰ ॥ सादि अनन्त सदा शाश्वत वर, अनन्त महासुख छाजे। अचल अगोचर प्रभु अविनाशी, सिद्ध स्वरूप विराजे ॥ प्रा॰ २ ते॰ ॥ निरुपाधिक निरुपम सुख प्रभुके, कहि न सके कविराजे। अजर अमर अक्षय अविकारी, सकलानंद सहाजे प्रा॰ ३ ते॰ ॥ सम्बत उगणीसे तेरोत्तर, श्रावण शुदी पक्ष

राजे। श्रीजिनराज तणा गुण गाया, पञ्चमि दिवस समाजे प्र० ४ ते० ॥ श्रीविक्रमपुर नगर मनोहर, श्रीसङ्घ सकल समाजे। पंच कल्याणक पूजा प्रभुकी, कीनी हित सुखकाजे प्र० ५ ते० ॥ श्रीखरतरगच्छ नायक लायक, युगप्रधान पद छाजे। जङ्गमगुरु भट्टारकवरश्री, जिन सौभाग्य सु राजे ॥ प्र० ६ ते० ॥ प्रीत विलास धम्मसुन्दर गणि, अमृत समुद्र सुभ्राजे। पाठक विजय विमल प्रभुके गुण, गावत घन जिम गाजे ॥ प्र० ७ ते० ॥ हंसविलाश प्रवरगणिवरकी, प्रेरणया सु समाजे। श्रीजिनवरकी स्तवना कीधी, धर्म्मप्रभावन काजे प्र० ८ ते० ॥ ॐ ह्रीं प० अनं० जन्मजर.मृत्यु निवारणायः श्री मज्जिनेन्द्रेभ्यो निर्वाणकल्याणके अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा। इति श्री पाठक विजय विमलजी विरचित पञ्च कल्याणक पूजा समाप्तः।

॥ आरती (राग मालवी गोड़ी) ॥

शुभ आरती प्रभुकी उदारचित्ते, करो भविक रसाल रे। प्रथम धूप सुगन्धजिनकुं, उखेवो जिननाल रे ॥ १ ॥ भाल निजकर तिलक सुन्दर, पहर पुष्प सुमाल रे। दक्षिण कर जिन राजजुके, कर आवर्त्त सुथाल रे ॥ शु० २ ॥ यथा सगते शुद्धभगते, करो दिल खुशिय रे। द्रव्यभावे विविध

पूजा, भविकभाव विशालरे ॥ शु० ३ ॥ गुण अनन्त महन्त गावो, प्रभुपरम दयालरे । जन्म सफलो करो भविक जन, कहे पाठक बालरे ॥ शु० ४ ॥ इति आरती ।

॥ अथ पांच कल्याणक पूजा विधिः ॥

प्रथम विंबप्रतिष्ठामे (तथा) ऋद्धिवन्त सेठ सऊकारादिककी तरफसे (तथा) सङ्घ समुदायके, जो पांच कल्याणकका उच्छव होय (तबतो) विस्तार विधिसे एकेक दिनमें एकेक कल्याणकका उच्छव करे । पांच दिनमे पांच कल्याणक करै (और) जल यात्रा, चोविस प्रकारी वीश स्थानक सतर भेदी, नवपदजीकी एकेक दिन पूजा उच्छव विस्तार विधि सहित करावै । ऐसे १० दिनका उच्छव करै (यथा) पहले दिन पूठिया चन्द्रवा तोरणादिकसें मण्डपकी स्थापना करावे । १० दिग्पालाकों वलवाकुल दिरावे । जल यात्रादि उच्छव करके मङ्गल कलश थापन करै (जैसें) देवलोकसें च्चवके माताके गर्भमें आवै (तैसे) भगवानकी माताको काष्टमई घरादिकमे पढ़ि विंबोरथापन करै (पिछे) ऊपर सेती काष्ठ विमानमें भगवानको प्रतिविम्ब स्थापन करके नीचे उतारै (पीछे) चवदे स्वप्नांको क्रमसे उतारै । माताके

मण्डपके पास रक्खे। तीन नवकार गुणके उतारे (और) तीन नवकार गुणके स्थापन करै (पीछे) एक (व) २४ रत्न (अथवा) एक (व) २४ रूपियासें, च्यवन कल्याणककी थांपना करै (और) च्यवन कल्याणककी पांच पूजा पढ़े। इति च्यवन कल्याणक पूजा ॥ १ ॥

॥ अथ जन्म कल्याणक विधिः ॥

तिसरे दिन जन्म कल्याणकको सम्पूर्ण उच्छव करै (जैसें) छप्पन दिश कुमरीका आगमन, और यावन्मात्र केली गृह रचना, दर्पण दर्शणादिक उच्छव करै। तिस पिछे सुमेरु पर्वतकी थापनाके उपर इन्द्रादिकका रूप करके भगवानको थापन करे। सोना, चांदि, तांवा, पीतल, मट्टी आदि अनेक तरेका कलश वन सके तो १००८ कलश गङ्गानदी आदि ठिकानेका जलसे भर भरके स्नात्र उच्छव करावे। १ भृङ्गार, २ दर्पण, ३ रत्न करण्डक, ४ स्थाल, ५ पुष्प चङ्गेरीका इत्यादि उपकरण पूजाका सर्व भगवान आगे रखै। सर्व क्षेत्रोंकी सुगन्धी ओषधीयांसें स्नात्र करावे। गुलावजलकी, पुष्पांकी, रत्नाकी वर्षा करे। तदन्तर सिद्धार्थ राजायें जिस माफक उच्छव कियो, उस माफक अपनेमें

बन सके जिस मुजब सम्पूर्ण उच्छव करे (तदन्तर) घृत २४ सेर, नैवेद्य २४ सेर, गुड़ २४ सेर, अच्छा फल २४ चढ़ावे। २४ सधव स्त्रीयां मिलके २४ गवली करे। जन्म कल्याणककी पांच पूजा पढ़े। आरती मङ्गल दीप उतारे।

॥ अथ दिक्षा कल्याणक बिधिः ॥

चौथे दिन दिक्षा कल्याणकको उच्छव करे। खाशा पालकीमें भगवानको बेठाके, वर घोड़ा वाजित्रादि सहित बड़े उच्छवसे निकाले। अच्छा बाग बगिचामे लेजाके, अशोक, आम्रादि उत्तम वृक्षके निचे सिंहासण पर स्थापन करके स्नात्र उच्छव करावे। २४ गज उत्तम वस्त्र चढ़ावे। वाशक्षेप देके नवीन वस्त्रघा चढ़ावे। दिक्षा कल्याणककी पांच पूजा गवावे। जैन याचकादिकको दान देवे। साहमी वच्छल करे।

॥ अथ केवल ज्ञान कल्याणक पूजा बिधिः ॥

पांचमे दिन त्रिगड़ा समोसरणकी रचना करे। मुगट छत्र चमरादि अनेक तरेके रत्नजड़ित आभुषण सहित भगवानको स्थापन करै। पंचवर्णा सुगन्धी फुलांकी वर्षा करे। नाना प्रकारका वाजित्र वजावे। केवल ज्ञान कल्याणककी मीठा स्वरसे पांच पूजा गावे। इति पंचकल्याणक पूजा सम्पूर्णम्।

अथ पांचज्ञान पूजा

॥ दोहा ॥

वर्द्धमान जिनचन्दकुं, नमन करि मनरङ्ग।
पूज रचुं नवि प्रेमसुं, सांभळजो उछरङ्ग ॥ १ ॥
पांचज्ञान जिनवर कह्या, मति श्रुति अवधि प्रधान। मन पर्यव केवल बड़ो, दिनकर जोत समान ॥ २ ॥ ज्ञांनबड़ो सन्सारमे, गुरु विन ज्ञांन न होय। ज्ञांन सहित गुरु वन्दिये, सुचि- कर तन मन होय ॥ ३ ॥ वीर जिनन्द बखा- णीयो, नन्दीसूत्र मझार। नव्व सदा अनुभव धरो, पावो सुख श्रीकार ॥ ४ ॥ निरमल गङ्गोदक भरि, कञ्चन कलश उदार। श्रुत सागर पूजन करो, भाव धरि भविसार ॥ ५ ॥

॥ ढाल ॥

चित हरष धरी अनुभव रङ्ग बीश परमपद सेवियें।
पखाल। मति अतिहि भलो सकळ विमल गुण आगर भवि-

जन सेविये । (आंकणी) एमति ज्ञान सदा नमिये, निज-
पाप सकल दूरै गमियै ; मन शुद्ध करी निज गुण रमियै
मति० १ ॥ व्यञ्जनकर अवग्रह इमजानो, चउभेदकरी मनमे
आनो ; इमभाषै श्रीजिन जगभाणो ॥ मति० २ ॥ अरथे
करी भेद जिनन्द आखै, पण इन्द्रिय मनकर प्रभुदाखै; मुनि
मानस ते दिलमे राखै ॥ मति० ३ ॥ वलि षटविध भेद
ईहा कहियै, षटभेद अपाय करी लहियै ; षटविध धारण
भवि सर दहियै ॥ मति० ४ ॥ इमभेद अट्ठाईस भविधारो,
इमभाखे जिनवर सुखकारो ; निश्चय व्यवहारते अवधारो ॥
मति० ५ ॥ वलिरतन जड़ित कञ्चनं कलशै, भवि पूजन
कर तन मन उलसै ; चिद्रूप अनूप सदा विलसै ॥ मति०
६ ॥ ए ज्ञांन दिवाकर सम कहियै, इम सुमति कहै दिलमै
गहियै ; ए ज्ञानथी अनुपम सुख लहियै ॥ मति० ७ ॥ ॐ
ह्रीं परमात्मने अनन्ता० जन्मजरा० श्रीमज्जि० श्रीमति ज्ञान
धारकेभ्यः जलं यजामहे स्वाहाः ॥ १ ॥

॥ अथ (२) श्रुतज्ञान पूजा ॥

॥ दोहा ॥

श्रुत धारक पूजा करो, भाव धरी मनरङ्ग ।
उपगारी शिरसेहरो, भावो जिन उछरङ्ग ॥ १ ॥

मृगमद चन्दन वाससुं, जो पूजे श्रुतअङ्ग ।
अनुभव सुध प्रगटे सहि, पामे सुक्ख अभङ्ग ॥ १

॥ ढाल ॥

नाभजीके नन्दाजीसे लग्यामेरा नेहरा (ना० एचालमे श्रुताजिकी पूजा कर सीखो भर्वा सेहरा । विनय सहित गुरु वन्दन करकै, कुल २ पायनमे गुरुदेवरा ॥ श्रुत० १ ॥ तीन तीश आशातन टाली, भगति करै भवि गुण गण गेहरा । श्रीगुरु ज्ञान अखण्डित बरसै, ज्युं पावस रुत बरसै मेहरा ॥ दशविध विनय करै श्रुत गुरुको, सेवे ज्युं अलिफूलने नेहरा । गुणमणि रयण भर्यो श्रुतसागर, देख दरश हरषावे मेरा जीवरा ॥ श्रुत० ३ ॥ पूछन वायन वलि २ करियै, सीखै वंछित ज्युं मुनिसेवरा । गुरु भगति जैसी गणधरकी, वीर कहै सुण गौतम सेहरा ॥ श्रुत० ४ ॥ ऐसे गुरु भक्तिसे सीखो, ए श्रुतज्ञान सकल सुखदेहरा । गुरुविन ओरन को उपगारी, गुरु देव सदा गुण मणिके जेवरा ॥ श्रुत० ५ ॥ ऐसे गुरुकी कीरत करकै । सुमति धरो दिलमे गुण गेहरा ॥ श्रुत० ६ ॥

॥ नित नमियै थिवर मुनिसरा नि० (एचाल) ॥

नित नमियै श्रुतधर मुनिवरा । नि० । अरथै श्री जिन राज बखाणें, सुत्रे श्री गुरु गणधरा ॥ नि० १ ॥ मेघकुमी

जिम भविजन सुनके, हरषै ज्युं केकी वरा । नि० । अङ्ग इग्यारै गुण मणि धारक, बारै उपांग उजागरा ॥ नि० २ ॥ जगत उधारण तुं परमेशर, सकल विमल गुण आगरा । नि० । च्छेद पयन्ना नन्दी सेवो, मूल सूत्र भवि गुण करा ॥ नि० ३ ॥ श्रुतधारी गोतम गुण दीवो, पूरव चउद विद्याभरा नि० । पहिलो आचारङ्ग बखांणें, चरण कमल गुण सुख-करा ॥ नि० ४ ॥ दूजो सुयग डांग सुणीजै, भेद तिशन तेसठुखरा । नि० । तीजो ठांणांग सूत्र विराजै, सुणतां पाप मिटै परा ॥ नि० ५ ॥ चौथो समवायांग सुहावै, अरथ अनेक करीवरा । नि० । पंचमे भगवई महिमा करियै, सहस छंत्तिश प्रशन धरा ॥ नि० ६ ॥ छठ्ठो ज्ञाता अङ्ग सुं ध्यावो, धरमकथा कहै जिनवरा । नि० । सातमो अङ्ग उपाशक कहियै, दशश्रावक प्रतिमा धरा ॥ नि० ७ ॥ आठम अङ्गै जिनवर दाखै, अन्तगड़ केवलि मुनिवरा । नि० । नवमे अङ्गै भविसु न धारो, अनुत्तर वाई शुभकरा ॥ नि० ८ ॥ प्रश्न-विचार कह्या जिन दशमे, अंगुष्ठादिक शुभतरा । नि० । अङ्ग इग्यारमें जिनवर दाखै, कर्म बिपाक विविध परा ॥ नि० ९ बारमो अङ्ग जिणन्द बखांणें, अतिशय गुण विद्याधरा । नि० अक्षरश्रुत वलिसन्नी कहियै, सम्यक् भेद अधिकतरा ॥ नि० १० ॥ सादिभेद सपरजव लहियै, गम्यकभेद सुणोनरा ।

नि० । अङ्ग प्रविष्ट कहै जिनवरजी, भेंद चवद सुणजो खरा नि० ११ ॥ इमजो श्रीश्रुतज्ञान आराधो, भाव भगत कर बहु परा । नि० । सुमति कहै गुरु ज्ञांन आराधो, वंछित पूरण सुरतरा ॥ नि० १२ ॥ ॐ ह्रीं परमात्मने० श्रीश्रुतज्ञान धारकेभ्यः चन्दनं यजामहे स्वाहाः ॥ २ ॥

॥ अथ (३) अवधिज्ञांन धूप पूजा ॥

॥ दोहा ॥

अगर सेल्हारस धूपसैं, पूजा अवधि उदार ।
बोधबीज निरमल हुवै, प्रगटै सुक्ख अपार ॥ १
नवल नगीनैं सारिखो, ज्ञांनबड़ो सन्सार ।
सुरनर पूजै भावसुं, महियल ज्ञांन उदार ॥ २

॥ ढाल ॥

निरमल हुय भजले प्रभुप्यारा, सब सन्सार० (एचाल) अवधिज्ञानको पूजन करले, ज्युं पावै भवपार सलूणा । अ० । ज्ञानबड़ो सुखदैन जगतमें, उपगारी सिरदार सलूणा ॥ अ० १ ॥ भेद असङ्खकहै जिनवरजी, मूलभेद षट् सार । स० । वद्धमान हीयमान वखाणें, सूत्रे श्री गणधार ॥ स० २ ॥ सुर नर तिरि सहु अवधि प्रमाणे, देखै द्रव्य उदार । स० । अवधि

सहित जिनवर सहुआवै, थाये जग भरतार ॥ स० ३ ॥ ज्ञान विना नर मूढ़ कहावै, ढोरसमो अवतार। स०। ज्ञानी दीपक सम जगमांहे, पूजै सहु नर नार ॥ स० ४ ॥ ज्ञांन तणीं महिमा जग मांहे, दिन दिन अधिकी सार। स०। मूलमन्त्र जग वशकर वाको, एहिज परम अधार ॥ स० ५ ॥ ज्ञांननी पूजा अहनिशि करियै, लीजै वंछित सार। स०। ज्ञानने बन्दी बोध उपायो, करम कलङ्क निवार ॥ स० ६ ॥ इत्यादिक महिमा भवि सुणकै, पूजो अवधि उदार। स०। सुमति कहै भवि भाव धरिने, सेवो ज्ञान अपार ॥ सलूणा ७ ॥ ॐ ह्रीं श्रीपरमात्मने० श्रीअवधिज्ञांन धारकेभ्यः। धूपं यजामहे स्वाहा ॥ ३ ॥

॥ अथ (४) मनपर्यवज्ञांन पूजा ॥

॥ दोहा ॥

केतकी दमणो मालती, अवर गुलाव सुगन्ध।
भावधरी पूजन करो, हरै कुमति दुरगन्ध ॥ १
मनपर्यव पूजा करो, विवध कुशम मनरङ्ग।
महिके परमल चिहुं दिशै, पामैं सुजश अनङ्ग ॥ २

॥ ढाल ॥

॥ सेत्रुञ्जातोवासीप्यारो लागै० से० (एचाल)..

जिनजीरो ज्ञानसुहावे, म्हांराराजिन्दा (जिनजीरा ज्ञान अनन्तो सोहै, कहतां पारन आवे ॥ म्हांराराजिन्दा, जि० १ सन्नी नर मनपरयव जाणै, ते मुनि ज्ञान कहावे । म्हारा० जि० विपुल मतीनें ऋजुमति कहिये, ए दुयभेद लहावै ॥ म्हारा० २ जि० ॥ अंगुल अढ़यि ऊणो देखै, ते ऋजु नाम धरावै ॥ म्हारा० ३ जि० ॥ मनगत भाव सकल ए भाषै, ते चौथो मनभावे । म्हारा० जि० । एहनि महिमा नित नित कीजै, तिस भवि नाम धरावै ॥ म्हा० ४ जि० ॥ जग जीवन जग लोचन कहियै, मुनिजन ए नित ध्यावे । म्हा० जि० । दिक्षाले जिनवर उपगारी, चौथो ज्ञान उपावै ॥ म्हारा० ५ जि० ॥ मनका शन्से दूर करत है, सुणतां आंण मनावे । म्हा० जि० तन मन शुचिकर पूजन करलै, जनम जनम सुखपावे ॥ म्हारा० ६ जि० ॥ विविध कुशमसे पूजा करतां, वोधलता उपजावै । म्हारा० जि० । सुमति कहै भवि ज्ञान आराधो, श्री जिनदेव बतावै ॥ म्हारा० ७ जिन० ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने अनन्तानन्त ज्ञानशक्तये० श्री मनपर्यवज्ञानधारकेभ्यः पुष्पंयजामहे स्वाहा ॥ ४ ॥

॥ अथ (५) केवल ज्ञानपूजा ॥

॥ दोहा ॥

प्रभुपूजा ए पञ्चमी, पञ्चम ज्ञांन प्रधान।
सकल भाव दीपक सदा, पूजो केवल ज्ञांन ॥ १
फल दीपक अक्षत धरी, नैवेद्य सुरभि उदार।
भाव धरी पूजन करो, पावो ज्ञांन अपार ॥ २

॥ ढाल ॥

॥ तुमविन दीनानाथ दयानिध तु॰ (एचाल) ॥

तुं चिद्रूप अनूप जिनेसर, दरशणकी बलिहारी रे। तुं॰ (आं॰) निरमल केवल पूरण प्रगट्यो, लोका लोक विहारी रे केवल ज्ञान अनन्त विराजै, क्षायक भाव विचारी रे ॥ तुं॰ १ जोत सरूपी जगदानन्दी, अनुपम शिवसुख धारी रे। जगत भाव परकाशक भानू, निजगुण रूप सुधारी रे ॥ तुं॰ २ ॥ सकल विमलगुण धारक जगमें, सेवत सब नरनारी रे। आतम शुद्ध सरूपी भविजन, गुणमणि रयण भण्डारी रे ॥ तुं॰ ३ ॥ केवल केवल ज्ञान विराजै, दूजो भेदन धारी रे। आतम भावे भविजन सेवो, जग जीवन हितकारी रे ॥ तुं॰ ४ ॥ अवर ज्ञान सब देश कहावै, केवल सरब विहारी रे।

सरब प्रदेशी जिनवर भाषै, साखै श्रीगणधारी रे ॥ तुं॰ ५ ॥ भए अजोगी गुणके धारक, श्रेणिचढ़ी सुखकारी रे। अष्ट कर्म दल दूरकरीने, परमातम पद धारी रे ॥ तुं॰ ६ ॥ ऐसे ज्ञान बड़ो जगमांहै, सेवो शुद्ध आचारी रे। सुमति कहै भविजन शुभ भावै, पूजो कर इकतारी रे ॥ तुं॰ ७ ॥ १ फल, २ अक्षत, ३ दीपक, ४ नैवेद्यसे, पूजो ज्ञान उदारी रे। पूजत अनुभव सत्ता प्रगटै, विलसै सुख ब्रम्हचारी रे ॥ तुं॰ ८ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने श्री केवलज्ञान धारकेभ्यः १ फलं, २ अक्षतं, ३ दीपं, ४ नैवेद्यं, यजामहे स्वाहाः ॥ ५ ॥

॥ अथ कलश पूजा ॥

॥ ढाल ॥

॥ केशरियाने ज्ञानको लोक तिरायो॰ (एचाल) ॥

प्रभु थारो ज्ञान अनन्त सुहायो, प्रभु अशरण शरण कहायो। प्रभु॰। मति श्रुति अवधि अने मनपर्यव, केवल अधिक कहायो। भव्य सकल उपगार करतहै, श्रीजिनराज बतायो प्र॰ १ ॥ खरतर गछ पति चन्द्र सूरीसर, राजत राज सवायो तेज पुञ्ज रवि शशि सम सोहै, देखत दिल हुलसायो ॥ प्र॰ २ ॥ प्रीत सागर गणि शिष्य सुवाचक, अमृतधर्म सुपायो।

शीश क्षमा कल्याण सुपाठक, सदगुरु नाम धरायो ॥ प्र० ३ धरम विशाल दयाल जगतमें, ज्ञान दिवाकर ध्याया। ज्ञान क्रियानी मूलज कहीये, तत्वरमण मनभायो ॥ प्रभु० ४ ॥ बीकानेर नगर अति सुन्दर, सङ्घ सकल सुखदायो। सुद्ध-मती जिन धर्म आराधक, भगति करै मुनिरायो ॥ प्र० ५ ॥ उगणीसै चालीशै बरशै, आसुसुद वरदायो। ज्ञान विजय कारक सब जगमें, नित प्रति होत सहायो ॥ प्रभु० ६ ॥ सुमति सदा जिनराज कृपासें, ज्ञान अधिक जशगायो। तत्वदीपक मोहन मुनिभावै, ज्ञानतणो गुणगायो ॥ प्र० ७ ॥ इति कलश पूजा।

॥ अथ पांचज्ञान आरती ॥

जय जग सुखकारी, वारी जय शम पद धारी; आरती करूं सहु सारी। जय०। अष्टाविंशति भेद करीनें, मति ज्ञान राजै। मति०। ध्यावत पूजत भविजन केरा, भव सङ्कट भाजे ॥ जय० १ ॥ भेद चतुर्दश अथवा बिंशति, प्रव-चन पति दाखै। प्र०। श्री श्रुतज्ञानकी महिमा जिनवर, स्व मुखथी भाखै ॥ जय० २ ॥ रूपी द्रव्य विषयि मर्यादा; करि अवधि सोहै। क०। भेद षटक् संख्याति तीवा, भविजन

मनमोहे ॥ जय. ३ ॥ तुर्य ज्ञान मन पर्यव कहिये, भेद युगल लहिये । भेद. । ऋजुमति विपुलमति सरदहिये, न्यूनाधिक गहिये ॥ जय. ४ ॥ लोका लोकांतर्गत वस्तु, गुण पर्यव भासी । गु. । केवल एक सहाय अनन्ते, भए निर्वृतिवासी ॥ जय. ५ ॥ पंचज्ञानकी आरती करतां, भव आरती छीजे । भ. । जिम वरदत्त कुमर गुण मञ्जरी, तिम भक्ती कीजे ॥ जय. ६ ॥ बृहत् भट्टारक खरतर पति जिन, हंससूरी राया । जि. । तत् पद कज मधुकर कंचन निधि, आनन्द वरताया ॥ जय. ७ ॥ इति

॥ अथ मङ्गल दीवो ॥

दीवोरे दीवो मङ्गल दीवो, भूवन प्रकाशक जिन चिरंजीवो ॥ दी. १ ॥ चन्द्र सूरज प्रभु तुम सुखकेरा, लूंछण करता दे नित्यफेरा ॥ दी. २ ॥ जिन तुझ आगल सुरनी अमरी, मङ्गल दीप करी दिये भमरी ॥ दी. ३ ॥ जिम जिम धूपघटी प्रगटावे, तिम तिम भवनां दुरति दझावे ॥ दी. ४ ॥ नीर अक्षत कुसुमाञ्जली चन्दन, धूप दीप फल नैवेद्य वन्दन दी. ५ ॥ इणपरे अष्ट प्रकारी कीजे, पूजा स्नात्र महोत्सव पभणीजे ॥ दी. ६ ॥ इति

॥ अथ मङ्गल आरती ॥

भविजन मङ्गल आरती करिये, जनम जनमकी आरति हरिये ॥ भ० १ ॥ आरती प्रथम जिनेसरजीकी, दारुण विघन निवारण नीकी । भ० । दूजैपद श्रीसिद्ध दिणन्दा, आरती करत मिटत भवफन्दा ॥ भ० २ ॥ तीजे पद श्री सूरि महन्ता, मारग शुद्ध प्रकाश करन्ता । भ० । चौथे पद पाठक गुणवन्ता, आरती करत हरत भवचिन्ता ॥ भ० ३ ॥ पंचमी आरती साधुपद केरी, कुगति निवारण शुभगति शेरी भ० । शिव सुखकारक श्री जिनवांणी, छट्ठी आरती ज्ञान वखांनी ॥ भ० ४ ॥ सातमी आरती आनन्दकारी, समकित ब्रत गृहि प्रतिमा धारी । भ० । यह विध मङ्गल आरती गावै, शुद्ध क्षमा कल्याण ते पावै ॥ भ० ५ ॥ इति

॥ इति पांचज्ञान पूजा सम्पूर्णम् ॥

॥ ❀ अथ बिंशति स्थानक पूजा ❀ ॥

॥ दोहा ॥

सुख सम्पति दायक सदा, जगनायक जिनचन्द। बिघन हरण मङ्गल करण, नमो नाजि नृप नन्द १ ॥ लोकालोक प्रकाशिका, जिनवाणी चितधार बिंशति पद पूजन तणो, कहिस्युं बिधि बिस-तार ॥ २ ॥ जिनवर अङ्गे जाषिया, तप जप बहु परकार। बिंशति पद तप सारिसो, अवरण कोई उदार ॥ ३ ॥ दान शील तप जप क्रिया, जाव बिना फल हीन। जैसे जोजन लवण विन नही सरस गुणपीन ॥ ४ ॥ जे जवियण सेवै सदा, जावे थानक वीश। ते तीर्थंकर पदवि लहै, वन्दै सुर नर ईश ॥ ५ ॥

॥ ढाल ॥

श्री अरिहन्तपद १ सिद्धपद २ ध्यावो, प्रवचन ३ आचारिज ४ गुणगावो। स्थविर पंचमपद ५ पुन रुवझाया ६। तपसी ७ नाण ८, दंसण ९ मनभाया ॥ १ ॥ (उल्लालो मनभाय विनया १० वश्यका ११ मलशील १२ किरीया १३ जानियै, तप १४ विविध उत्तम पात्र १५ वेयावच्च १६ समाधि १७ वखानीयै। हितकर अपूरव नाण संग्रह १८ धरौ मन सुजगीसए, श्रुतभक्ति १९ फुनि तीरथ प्रभावना २० एह थानक वीसए ॥ २ ॥

॥ ढाल ॥

ए थानक वीस २० जग जयकारा, जपतां लहियै जिन-पद सारा। करम निकन्दै विसवाविसै, भाष्या जग तारक जग दीसै ॥ ३ ॥ (उल्लालो) जगदीश प्रथम जिणेन्द जग गुरु चरम जिनवरजी मुदा, भव तीसरै पद सकल सेवा लही जिनपति संपदा। बावीस जिनवर सकल सुखकर इंद्र जसु गुण गाइयै, इक दोय त्रिण सहुपद जपीने तीर्थपति पद पाइयै ॥ ४ ॥

॥ इति बिंशतिस्थानक पूजा विधि सम्पूर्णम् ॥

॥ अथ प्रथमपदे जिनेन्द्र पूजा ॥

॥ दोहा ॥

अरिहन्तादिकपद सदा, भजीयै तपकरी सुद्ध अति निरमल सुभ योगता, करिकै तसु गुण सुद्ध १ ॥ त्रिमल पीठ त्रिक तडुपरै, ठवीयै जिनवर वीस २०। पूजन उपग्रह मेलि करि, अरचीजै सुजगीस ॥ २ ॥ एक एक ए पदतणी, द्रव्य पूजा परकार। पञ्च ५ अष्ट ८ विध जानीयै, सतरे १७ इगवीस सार ॥ ३ ॥ अष्ट जातिना कलश करि, विमल जलै भरि पूर। पूजो भवि-यण पद सहू, होय सकल दुखदूर ॥ ४ ॥ सोहै सहु परमेष्टिसें, जिनवर पद अभिराम। वेद ४ निक्षेपै समरीयैं, वधतै सुभ परिणाम ॥ ५ ॥

॥ राग देसाख ॥

॥ पूर्वमुख सावनं करि दसन (एचाल) ॥

सकल जगनायकं परम पद दायकं, लायकं जिनपदं विमलभानं। (अईयां वि०) चतुरधिक तीस ३४ अतिशय अमल बार १२ गुण, वचन पणतीस ३५ गुणमणि निधानं ॥

१ ॥ (अईयोम०) सुखकरण जिन चरण पद्मसेवित सदा, भमर सुर असुर नर हृदयहारी । अईयो । एह जिनवर तणी आण पूरण सदा, दाम जिम जगत जन शिरसि धारी ॥ अईयो २ ॥ जिनप पद दरस पारस फरसते हुवै, प्रगट निजरूप परिणति विभासं । तजी बहिरात्म गिरी सारता भविलहै, अनुपकं आत्म कांचन प्रकाशं ॥ अईयो ३ ॥ हुवई जिनराज पद जाप रवि किरणते, तुरत बहु दुरित भर तिमिर नासं । घन चिदानन्द वरकन्द घन भविलहै, तीर्थंकर चरण कमला विलासं ॥ अईयो ४ ॥ वर विबुध मणिलही काच लघु सकलकौं, ग्रहण करिवा कवण कर पसारे । तिमलही जिन चरण सरण शुभ योगते, अवर सुर सरण कुण ऋदय धारे ॥ अईयो ५ ॥ प्रभुतणे पंचकल्याण केरै दिनें, प्रगट त्रिहुं लोकमें हुइ ऊजेरौ । भविक देवपाल श्रेणिक प्रमुख जिन नमी, बांधियौ गोत्र जिनराज केरौ ॥ अईयो ६ ॥ जेह त्रिणकाल नितनमे जिन हरषसुं, तेह भवजल तिरै जनम दीजै । अधिक भव यदि करै तदपि निश्चय करी, सप्त बलि अष्ट भव करीय सीझै ॥ अईयो ७ ॥

॥ काव्यं ॥

णमोणन्त विन्नाण सद्दंसणाणं, सयाणन्दिया सेस जंतु गणाणं । भंवां भोज विच्छे यणे वारणाणं, णमो बोहियाणं

चराणं जिणाणं ॥ अर्हयो ८ ॥ ॐ ह्रीं श्री अर्हद्भ्योनमः ॥
इति प्रथमपदे श्री जिनेंद्र पूजा ॥ १ ॥

॥ अथ (२) सिद्धपद गुणवर्णन पूजा ॥

॥ दोहा ॥

तनु त्रिभागके घटनतें, घन अवगाहन जास।
विमलनाण दंसण कीयो, लोकालोक प्रकास ॥ १
अविनाशी अमृत अचल, पदबासो अविकार।
अगम अगोचर अजर अज, नमो सिद्ध जय-
कार ॥ २ ॥

॥ राग सोरठ ॥

॥ कुन्दकिरण शशी ऊजलोरे देवा (एचाल) ॥

अनुभव परमानन्द सुं रे वाला, परमातम पद वन्दो रे. करम निकन्दो वन्दिने रे वाला, लहि जिनपद चिरनन्दो रे ॥ १ ॥ गगन पए सन्तर वली रे वाला, समयान्तर अण फरसी रे, वाला। द्रव्य सगुण परजायना रे वाला, एक समय विद दरसी रे ॥ २ ॥ एक समय ऋजुगति करी रे वाला, भयेय परमपद रामी रे। भांगै सादी अनन्त ए रे वाला, निरुपा-धिक सुख धामी रे ॥ ३ ॥ अखिल करम मल परिहरी रे

वाला, सिद्ध सकल सुखकारी रे। विमल चिदानन्द घन थया रे वाला, वर इगतीश गुण धारी रे ॥ ४ ॥ उतपन्नता १ वलि विगमता रे वाला २, ध्रुवता ३ त्रिपदि सङ्ग रे। प्रभुमे अनन्त चतुकता रे वाला, सोहै सम क्रम भङ्गे रे ॥ ५ पन्नर भेद ए सिद्धथया रे वाला, सहजानन्द स्वरूपी रे। परम ज्योतिमे परिणम्या रे वाला, अव्याबाध अरूपी रे ॥ ६ ॥ जिनवर पिण प्रणमे मुदा रे वाला, एहने दीक्षा अवसरै रे। तिण प्रभुपद गुण मालका रे वाला, कण्ठै धरीयै सुपरै रे ॥ ७ ॥ हस्तिपाल भवि भगति सुं रे वाला, सिद्ध परम पद भजिने रे। पद श्री जिन हरषै रे लह्यो रे वाला, पर गुण परिणति तजिनेरे ॥ ८ ॥

॥ काव्यं ॥

लोगग्ग भाषे परिसण्ठियाणं, वुद्धाण सिद्धाण मणिंदियाणं। निस्सेस कम्मक्खय कारगाणं, नमो सया मङ्गल धारगाणं ॥ ९ ॥ ॐ ह्रीं श्री सिद्धेभ्योनमः ॥ २ ॥ इति द्वितीयपदे श्रीसिद्ध पुजा ॥ २ ॥

॥ अथ तृतीय प्रवचन पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

पद तृतीय प्रवचन नमो, ज्यं नन्नमो सन्सार । गमो कुमति परिणनमता, दमो करण जयकार ॥ १ ॥ जैसे जलधर वृष्टितें, अखिल फलद विकसाय । तैसें प्रवचन नक्तितें, शुन्न परणित उलसाय ॥ २ ॥

॥ श्रीराग ॥

॥ जिनगुणानं श्रुत अमृतं (एचाल) ॥

प्रवचन ध्यानं सुखकरणं ॥ परिहरिये सह विषय विकारं करीयै प्रवचन आदरणं ॥ प्रवचन० १ ॥ सप्तभङ्गि भूषित ए प्रवचन, स्यादवाद मुद्राभरणं । सप्तनयात्मक गुणमणि आगर, बोधिवीज उतपति करणं ॥ प्रवचन० २ ॥ जैसे अमृत पान करणतें, हुवई सकल विष संहरणं । तैसे प्रवचन अमृत पानें, कुमति हलाहल प्रविशरणं ॥ प्रवचन० ३ ॥ प्रवचनकौ आधेय कहीयै, सकल सङ्घ तसु अधिकरणं । तिण ए सङ्घ चतुरविध प्रवचन, ए पद अखिल कलुषहरणं ॥ प्र० ४

यदि भविजन तुम ए चाहतुहै, मुगतिरमणि जत बश करणं. करणतीन इककरि तद करीयै, प्रवचन पद समरण धरणं ॥ प्र· ५ ॥ जिनवरजी शिण ए तीरथनें, प्रणमे मध्य समवसरणं भवजल तारण तरणि समानं, ए तीरथ अशरण शरणं ॥ प्र० ६ ॥ जिम भरतेश्वर सङ्घ भगति करी, लहीयो पुण्य फला-चरणं । चक्रीपद अनुभवि वलि शिवपद, लीध करीय क्रम निरजरणं ॥ प्र० ७ ॥ नरपति सम्भव जिन हरपैं करि, आराधी प्रवचन चरणं । करम निकन्दि थया जगदीशर, जिन परमाउर आभरणं ॥ प्र० ८ ॥

॥ काव्यं ॥

अनन्त संबुद्ध गुणाकरस्स, दुक्खन्धया रुग्ग दिवाकरस्स अनन्त जीवान दयागिहस्स, नमो नमो सङ्घ चउव्विहस्स ॥ ९ ॥ ॐ ह्रीं श्री प्रवचनाय नमः ॥ ३ ॥ इति तृतीयपदं श्री प्रवचन पूजा ॥ ३ ॥

॥ अथ चतुर्थ आचार्यपद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

पदचतुर्थ नमीयै सदा, सूरीसर महाराज ।
सोहम जम्बू सारिसा, सकल साधु सिरताज ॥ १

सारण वारण चोयणा, पड़ि चोयण करतार ।
प्रवचन कज विकसायवा, सहस किरण अवतार ॥ ४

॥ राग रामगिरी ॥

॥ गात्रलूहै जिनमन रङ्गसुं रे देवा (एचाल) ॥

आचारिज पद ध्याईयै रे वाला, तासविमल गुणगाईयै पाईयै (हांरेवाला) पाईयै, जिनपतिपद जग शिरतिलो रे ॥ अच० १ ॥ जिनशासन उजुवालता रे वाला, सकल जीव प्रतिपालता । पालता (हांरेवाला) पालता, चरण कमल मन मोहता चालता रे ॥ आ० २ ॥ सूरि सकल गुण सोहता रे वाला, सुर नर जन मन मोहता । मोहता (हांरेवाला) मोहता, भवीयणनैं पड़ि वोहता रे ॥ आ० ३ ॥ पञ्चाचार विराजिता रे वाला, सजल जलद जिम गाजता । गाजता (हांरेवाला) गाजता, सूरि सकल शिर छाजता रे ॥ आ० ४ ॥ उपदेशामृत वरसता रे वाला, दुरित ताप सहु निरसिता निरसिता (हांरेवाला) निरसिता, परमातम पद फरसता रे आ० ५ ॥ धरम धुरण्धरता धरा रे वाला, जग वान्धव जग हितकरा । हितकरा (हांरेवाला) हितकरा, स्वपर समय विद गणधरा रे ॥ आ० ६ ॥ पद श्री जिनहरषै ग्रह्योरे वाला सूरीशर पद तपवह्यो । तपवह्यो (हांरेवाला) तपवह्यो, पुरुषोत्तम नृप शिव लह्यो रे ॥ आ० ७ ॥

॥ काव्यं ॥

कुवादि केली तरु सिंधुराणं, सूरिसराणं मुनि बन्धुराणं
धीरत्त संताज्जिय मन्दराणं, नमोसया मङ्गल मन्दिराणं ॥ ८
ॐ ह्रीं श्री आचार्येभ्यो नमः) इति चतुर्थपदं ॥

॥ अथ पञ्चम थिवर पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

दुविय थविर जिनवर कह्या, द्रब्य भाव परकार
लोकिक लोकोत्तर वली, सुनिये भेद बिचार ॥ १
जनकादिक लौकिक थविर, लोकोत्तर अणगार ।
पञ्चम पदमे जानिये, त्रुतीय थविर अधिकार ॥ २

॥ राग सारङ्ग ॥

नित नमीये थविर मुनिसरा, पंचमहाव्रत धारक वारक कुमति जगत जन हितकरा ॥ १ नित० ॥ संयम योगै सीदत बालक, ग्लानादिक सहु मुनिवरा । एहने उचित सहाय दीय नतें, वारै एहना दुखभरा ॥ २ नित० ॥ पर्याय वय श्रुति त्रिविध ए थविरा, वीसरु साठ समोपरा । वयधर सम वाया दिक पाठक, एह थविर गुण आगरा ॥ ३ नित० ॥ तीजे

अङ्ग कह्या दश थविरा, रतन त्रयीना गुणधरा । ते इन निर-मल भावै ग्रहिवा, भविक सरोज दिवाकरा ॥ ४ नित० ॥ क्षीर जलधि सम अतिह गम्भीरा, सुरगिरि गुरु धीरज धरा शरणागत तारणता धारा, ज्ञान बिमल जल सागरा ॥ ५ नित० ॥ श्रुत तप धीरज ध्यान करणतें, द्रव्यादिक ज्ञाता-वरा, तेह स्वरुप रमण थाविरा कह्या, नहिय धवल केशांकुरा ६ नित० ॥ एह थविर पद सेवी भगते, पदमोत्तर वसुधेसरा पद श्रीजिन हरषे तिन लहीयो, मुनिवर कुमुद निशाकरा ॥ ७ नित० ॥ (कलश) सम्मत्त संयम पतित भविजन अहित थिर करता भला । अवगुण अदूषित गुण बिभूषित चन्द्र किरण समुज्जला ॥ णष्ठाधिका दश सहस शीलाङ्गरथ रुचिर धाराधरा । भवसिंधु तारण प्रवर कारण नमो थविर मुनि सरा ॥ ८ ॥ (ॐ ह्रीं श्री स्थविराय नमः) इति पंचमपदं ॥

॥ अथ षष्ट पदे श्री उपाध्याय पूजा ॥

॥ दोहा ॥

प्रवर नाण दरशन चरण, धारक यतिश्रम सार ।
समिति पञ्च त्रिणगुप्तिधर, निरुपम धीरज धार ॥ १

॥ राग भैरवि ॥

॥ पंचवरणी अङ्गीरची कुसुमजाती (एचाल) ॥

भावधरी उवझाया वंदो विजयकारी, श्रीउवझाय परम पद वन्दी। लहो जिनपद अतिशय धारी ॥ भाव० १ ॥ कुमति मदतरु भञ्जन सिन्दुर, सुमति कन्द घन अवतारी। अङ्ग दुवालस भणय भणावै, शिष्यभणी चित हितधारी ॥ भाव० २ ॥ सकल सूत्र उपदेश दीयणते, वाचक अति विमलाचारी। भवतीजै अमृत सुखपामे, सुर असुरेन्द्र मनोहारी ॥ भाव० ३ ॥ हय,गज बृष पंचानन सरिषा, करमकंद वर नर वारी। वासुदेव वासव नृप दिनकर, विधु भण्डारी तुलाधारी ॥ भाव० ४ ॥ जम्बू सीतानदी कांचनगिरि, चरम जलधि ओपम भारी। ए ओपमा बहु श्रुतनी जाणो, उत्तराध्ययन कहीसारी ॥ भाव० ५ ॥ अमल पंचविंशति गुणमणि निधि, सकल भुवन जन उपगारी। शंशय तिमिर हरण बासर मणि, पाप ताप आतप वारी ॥ भाव० ६ ॥ प्रवर शङ्ख पय भरीयो सोहै, तिम ए ज्ञान चरण चारी। महेंद्रपाल पाठक पद सेवी, लहीयो जिनपद विजितारी ॥ भाव० ७ ॥

॥ काव्यं ॥

सव्वोहि बीजंकुर कारणाणं, णमो णमो वायग वारणाणं। कुवोहिदन्ती हरिणेसराणं; विग्घोघ सन्ताव पयो-

हराणं ॥ ८ ॥ ॐ ह्रीं श्री उपाध्यायेभ्यो नमः ॥ ६ ॥ इति षष्ठपदे श्री उपाध्याय पूजा ॥ ६ ॥

॥ अथ सप्तम साधु पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

जाणे जिणवाणी सरस, स्यादवाद गुणवन्त ।
मुनिकहीयै शिव पंथनें, साधै साधु कहन्त ॥ १
समता रस जल झीलता, विशदानन्द सुरूप ।
तिन पांम्यो पद सप्तमें, नमो नमो मुनिरूप ॥ २

॥ राग गुण्डमिश्रित भीम म० ॥

॥ मेघ वरसे भरी पुष्प वादल करी एचाल ॥

भक्तिधरि सातमें पद भजो मुनिवरा, सुखकरा विजित इन्द्रिय विकारा । गुण सत्तावीस भूषण करी शोभिता, शोभिता विकट क्रम सुभट सारा ॥ भक्ति० १ ॥ चरणसत्तरि परम करणसत्तरि धरा, शिवकरण नाण किरिया प्रधाना । प्रतिदिनें दोष आहारणा वरजिता, सप्तचालीश यतिप्रम

निधाना ॥ भ० २ ॥ मदन मद भञ्जता कुमति जन गञ्जता, भक्तजन रञ्जता क्षांति धरीया। सुमति धरिया सदा चरण परीयाजना, तारीया ज्ञान गम्भीर दरीया ॥ भ० ३ ॥ त्रिण मणी सम गिणें चतुरविध धरमना, परम उपदेश दायक उदारा। बहिरभ्यन्तर भिदा बारविध अति कठिन, तप तपै सकल जीउ अभयकारा ॥ भ० ४ ॥ बलि अठावीस मन हरण गुण लवधि निधि, सातमे छठ्ठ गुणठाण वसीया। सप्त भयवारका प्रवर जिन आगन्या, धारका स्वगुण परिणमन रसीया ॥ भ० ५ ॥ पंचपरमाद कल्लोलता कुलमहा, पार सन्सार सागर जिहाजा। विविध नववाड़ि युत शीलव्रतके धरा, मधुर निजवाणि रञ्जित सभाजा ॥ भ० ६ ॥ कोड़ि नव सहस थुणीये महा मुनिवरा, वीरभद्र जिम करीय साधु सेवा। परम पद जिन हरष सुग्रह्यौ तसु तणा, चरण कज युग नमं सकल देवा ॥ ॥ भ० ७ ॥

॥ काव्यं ॥

सन्तज्जिया शेष परिसहाणं, निस्सेस जीवान दया गिहाणं। सन्नाण पज्जाय तरूवणाणं णमो णमो होउ तवोधणाणं ॥ ८ ॥ ॐ ह्रीं श्री सर्व्व साधुभ्यो नमः ॥ ७ ॥ इति सप्तमपदे श्री साधुपद पूजा।

॥ अथ अष्टम ज्ञानपद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

विमलनाण खर किरण किय, लोका लोक प्रकाश ।
जीतलई निजतेजसे, जिन अनंत रविभास ॥ १
सहु संशय तम अपहरै, जय जय नाणदिनन्द ।
नाण चरण समरण थकी, विलय होय दुखदंद ॥ २

॥ राग घाटो ॥

॥ मेरो मन वसकर लीनो (एचाल) ॥

भावै ज्ञान वन्दन करीयै, शिवसुख तरुकन्द । भावै० । जिनचन्द पद गुण धरियै, वरीये परम आनन्द ॥ भा० १ ॥ मती नाण श्रुत २ पुनरवधि ३, मनपर्यव ४ जाण । लोका लोक भाव प्रकाशी, वर केवल नाण ५ ॥ भा० २ ॥ पंच ए इकावन ५१ भेदै, कह्यो जिनवर भान । जगजीव जड़ता छेदै, ज्ञानामृत रसपान ॥ भा० ३ ॥ विनज्ञान कीधी किरिया, होय तसुफल ध्वंस । भक्षाभक्ष प्रगट ए करियै, जिम पय जल हंस ॥ भा० ४ ॥ वरनाण सहितसु किरिया, करी फल दातार । डुबो ज्ञान चरण रसीला, लहो भव जल पार ॥

भा० ५ ॥ ज्ञानानन्द अमृत पीधो, भरतेशर महाराय । भा०
तिणसें अमृत पद लीधो, सुरपति गुणगाय ॥ भाव० ६ ॥
सेवीज्ञान जयत नरशै, भये जिन महाराज । भा० । सोहै
ज्ञान ए त्रिभुवनमें, सहुपरि सिरताज ॥ भा० ७ ॥

॥ काव्यं ॥

छ द्दव्व पज्जाय गुणाकरस्स, सयापयासी करणोद्धरस्स ।
मिच्छत्त अन्नाण तमोहरस्स, नमो नमो नाण दिवायरस्स ॥
८ ॥ ॐ ह्रीं श्री ज्ञानाय नमः ॥ ८ ॥ इति अष्टमपदे श्री
ज्ञान पूजा ॥ ८ ॥

॥ अथ नवमी दर्शण पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

दर्शण आश्रय धर्म्मनो, एहना षट् उपमान ।
दरशण विन नहि चरणविद, उत्तराध्ययने जान ॥ १
जिन दरशण फरस्यो सको, अंतर महुरति मान ।
अरधपुग्गल परियटरहै, तसु संसार वितान ॥ २

॥ राग कामोद ॥

॥ चम्पक केतकी मालती ए, अइयो मालती ए (एचाल) ॥

जिन दरशण मुझ मनवस्यो ए । अइयो मनवस्यो ए उपजत परम आनन्द । जिन दरशण दरशण दीयै, विमल नाण तरुकन्द ॥ १ ॥ दरशण मोहरिपु जीतीया ए । अइयो वर दरशण उलसन्त । दरशण घट परगट हुवा, भवीयण भव न भमन्त ॥ २ ॥ जिनवरदेव सुगुरु व्रती ए, केवलि कथित जिनधर्म । तीनतत्व परिणतिरमें, ते दरशण करै शर्म ३ ॥ जिनप्रभु वचनो परि सदा ए, थिर शर दहण धरन्त । इन लक्षणते जानीये, समकितवन्त महन्त ॥ ४ ॥ इग, दुग, ति, चौ, शर, दश, विहा ए, सतसट्ठि ६७ भेद विचार । वलि परतीति समकित भण्यो, द्रव्य भाव परकार ॥ ५ ॥ द्रव्यें जिन दरशण कह्यो ए, भावे समकित सार । द्रव्यत दरशण भावतो, दरशण कारणधार ॥ ६ ॥ द्रव्य दरश यदि गतबलियै, तदपि उत्तर हितकार । शर्य्यम्भव जिन दरशणे, पायो दरशण सार ॥ ७ ॥ दरशण विन किरिया हता ए, अङ्कविना जिम विन्दु । वलि हणीयो विन चन्द्रिका, वासर में जिम इन्दु ॥ ८ ॥ हरि विक्रम नृप सेवतो ए, दरशण पद अभिराम । पद श्रीजिन हरषै धर्‍यो ए, वधतै शुभ परिणाम ॥ ९ ॥

॥ काव्यं ॥

अनन्त विन्नास सुकारणस्स, अनन्त संसार विदारणस्स अनन्त कम्मावली धन्सनस्स, नमो नमो निम्मल दन्शणस्स १० ॥ ॐ ह्रीं श्री दर्शणाय नमः ॥ ९ ॥ इति नवम पदे श्री दर्शण पूजा ॥ ९ ॥

—o:※:o—

॥ अथ (१०) बिनयपद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

बिनय भुवन रञ्जन करै, विनयै जस बिस्तार।
बिनय जिउ भूषित करै, विनयै जय जय कार ॥ १
विनय मूल जिनधर्म्मनो, विनय ज्ञान तरु कंद।
विनय सकल गुण सेहरो, जय जय विनय सनंद ॥ २

॥ राग सामेरी ॥

॥ पूजोरी माई जिनवर (एचाल) ॥

ध्यावोरी माई विनय दशमपद ध्यावै, पंच विध, दश विध, तेरस विध। बावन भेद गणेशै। ध्या०। बासठ भेद

कह्या आगममे, विनयतणा सुविसेसै ॥ ध्या० १ ॥ तीर्थंकर १ सिद्ध २ कुल ३ गण ४ सङ्घ ५ । किरिया ६ धम ७ वरनांणा ८ । ध्या० । नांणी ९ आचारिज १० मुनिथविरा ११ पाठक १२ गणि १३ गुणजाणा ॥ ध्या० २ ॥ ए अरिहादिक तेरसपदनो, विनयकरै जेभावै । ध्या० । ते तीर्थंकरपद अनुभविने, अमृत पद सुखपावै ॥ ध्या० ३ ॥ जिम कांचनमें मृदुगुण लाभै, नहीय कालिमा पावै । ध्या० । तिण ए सकल धातुमें उत्तम, नाम कल्याण कहावै ॥ ध्या० ४ ॥ तिम विनविनयी में छै मृदुतागुण, कुमति कठिनता नासै । ध्या० । कृष्णादिक लेश्यानी मलीनता, जायै विनय गुण भाषै ॥ ध्या० ५ ॥ दोय सहस अरु अधिक चिहुत्तर, देव वन्दन निरधारो । ध्या० । गुरु वन्दन विधि च्यारसै बाणुं, भेदकरी उर धारो ॥ ध्या० ६ ॥ तीर्थंकरादिकनौ मनरङ्गै, विनय चरण शुभ ध्यायौ । धननामा भवि नमि जिन हरषै, तीर्थंकर पद पायो ॥ ध्या० ७ ॥

॥ काव्यं ॥

आनंदीया शेष जगज्जनस्स, कुंदिंदु पादा मलता चनस्स सुधम्म जुत्तस्स दयासयस्स, नमो नमो श्रीविनयालयस्स ॥ ८ ॥ ॐ ह्रीं श्री विनयाय नमः ॥ १० ॥ इति दशमपदे श्री विनय पूजा ॥ १० ॥

॥ अथ (११) चारित्र पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

इग्यारम पद नित नमुं, देश सरव चारित्र ।
पङ्क मलिनता दूर करि, चेतन करै पवित्र ॥ १
एह चरण सेवन करै, रङ्क थको सुर राय ।
तीन जगतपति पद दीयै, जसु सुर नर गुणगाय ॥ २

॥ राग सारङ्ग ॥

॥ बावना चन्दन घसि कुमकुमा (एचाल) ॥

चरण शरण मुझ मन हर्‍यो, सुख करण हरण घन पाप ए । हांहो रे वाला । एह चरण जलधर हरे, अज्ञान तरुण तर ताप ए ॥ हां० १ ॥ आठ कषाय निवारतां, देश विरति प्रगट हुवै खास ए । बार कषाय निवारीया, सम विरति लहे गुण वास ए ॥ हां० २ ॥ इगवासर सेव्यो थको, शुध सरव सम्वर चारित्र ए । परमानन्द घन पददीये, सुरलोक जनित सुख चित्र ए ॥ हां० ३ ॥ भव भय तरुगण छेदिवा, ए सज्ञम निशित कुठार ए । ज्ञान परम्पर करण छै, अमृत पदनो हित कार ए ॥ हां० ४ ॥ चरण अनन्तर करण छै, निरवाण तणो

निरधार ए । सरव विरति सुद्ध चरण से, पामे अरिहन्त पद सार ए ॥ हां० ५ ॥ वरस चरण परजाय में, अनुत्तर सुख अतिक्रम होय ए । सतरभेद चारित्रना, कहीया जिन आगम जोय ए ॥ हां० ६ ॥ देशथी सम सञ्जम विषै, उज्जलता अनन्त गुण थाय ए । अरुण देव सेवी चरणनें, भये जगगुरु जिन महाराय ए ॥ हांहां रे वाला ७ ॥

॥ काव्यं ॥

कम्मोघ कन्तार दवानलस्स, महोदयानन्द लयाजलस्स विन्नाण पङ्करुह काननस्स, नमो चरित्तस्स गणापणस्स ॥ ८
ॐ ह्रीं श्री चारित्राय नमः ॥ ११ ॥ इति एकादश पदे श्री चारित्र पद पूजा ॥ ११ ॥

———※※※———

॥ अथ (१२) ब्रम्हचर्य पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

सुरतरु सुरमणि सुरगवी, काम कलश अवधार ।
ब्रम्हचर्य इणसम कह्यो, कामित फल दातार ॥ १
जिम जोतिषीयां रजनि कर, सुरगणमें सुरराय ।
तिम सहुव्रत शिरसेहरो, वृम्हचारज कहिवाय ॥ २

॥ राग ख्याल ॥

॥ भला प्रभुगुण वालाहो (एचालमें) ॥

भव भय हरणा, शिवसुख करणा, सदा भजो ब्रम्हचारा (मेंवारी जाउं) सदा भजोहो । भव० । शील विबुध तरु पालन करिवा, कहि जिनवर नववाराहो । दिव्योदारिक करण करावन, अनुमति विषय प्रकाराहो ॥ भ० १ ॥ त्रिकरण जोगै ए परिहरीयै, भ वीर्य भेद अठाराहो । भ० । कनक कोड़िनो दानदीयै नित, कनक चैत्य करताराहो ॥ भ० २ ॥ एहथी ब्रम्हचारज धारकनो, फल अगनित अवधाराहो । भ० सहस चौरासी श्रवण दान फल, ब्रम्हव्रत फल समसाराहो ॥ भ० ३ ॥ विजय सेठ विजया सेठानी, उभय पक्ष्य ब्रम्हधारा हो । भ० । भये सुदर्शण सेठ शीलसं, सुगति वधू भरतारा हो ॥ भ० ४ ॥ सहस अठार शीलाङ्ग रथधारा, धारिकरै निसतारा हो । भ० । सिंहादिक वसु भय तरु भञ्जन, कुञ्जर मद मतवाराहो ॥ भ० ५ ॥ कलहकारि नारद ऋषि सरिपे, तऱ्या भव जलधि अपाराहो । भ० । पच्चक्खाण विरति नहि एहमे, ए ब्रम्हव्रत उपगारा हो ॥ भ० ६ ॥ सकल सुरासुर किन्नर नरवर, धरिय भगति हितकाराहो । भ० । ब्रम्हचारज व्रत धर नरवरकं, प्रणमे चरण उदारा हो ॥ भ० ७ ॥ दशम अङ्ग भणियो नरवर्मा, नरपति गुण आधारो हो । भव० ।

ब्रम्हचारिज व्रत पालि लह्यांपद, जिन हरषै जयकारा हो ॥ भव भय हरणा० ८ ॥

॥ काव्यं ॥

सग्गापवग्गग्ग सुहप्पयस्स, सुनिम्मलानन्त गुणालयस्स। सच्चव्वयाभूषण भूषणस्स, नमोहि शीलस्स अदूषणस्स ॥ ८
ॐ ह्रीं श्रीं ब्रम्हचर्याय नमः ॥ १२ ॥ इति द्वादश पदं श्री ब्रम्हचर्य पूजा ॥ १२ ॥

———:※०※:———

॥ अथ (१३) किरिया पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

करम निरजरा हेतुहै, प्रवर क्रिया गुणखाण। जिन शासनकी स्थिती रही, किरिया रूपै जाण ॥ १ ॥ भुवन मांहि किरिया सही, सकल सुद्ध विवहार। प्रवर नाण दरशण तणो, शुध किरिया शिणगार ॥ २ ॥

॥ राग मालवी गौड़ी ॥

॥ सव भरातिमथन मुदार धूपं (एचालमें) ॥

शुभध्यान किरिया हृदय धरिने, भ्रम सकल उर धार रे. आर्त्त रोद्रनी हेतु किरिया, अशुभ पनवीश बार रे ॥ शु० १ ज्ञानव्रत अशस्त्र भटहै, क्रिया शस्त्र वतंस रे । सुभट नाणी क्रिया शस्त्रे, करय क्रम अरिध्वंस रे ॥ शु० २ ॥ ज्ञान सेती वदे शिव यदि, तेरमे गुण ठाण रे । एकनाणं तद जिनेशर, किमुन लहै निरवाण रे ॥ शु० ३ ॥ जिनप शैलेशी करण कारि, चवदमे गुण ठाण रे । सरबसम्बर चरण करणें, लहै पद निरवाण रे ॥ शु० ४ ॥ ए अनन्तर अमृत कारण, कह्यो जिनवर भांणि रे । सरब सम्बर चरण किरिया, न शिव इन विनु जाणि रे ॥ शु० ५ ॥ एकनाणे इक क्रियामे, न शिव वितरण शक्ति रे । कहै जिनवर उभय योगे, लहै भविजन मुक्ति रे ॥ शु० ६ ॥ गरल मिश्रित सरस भोजन, अशुभ परिणाति धार रे । अमृत संयुक्त तेह भोजन, रुचिर परिणाति कार रे ॥ शु० ७ ॥ ज्ञान सहित तेम किरिया, करिकरै निस-तार रे । ज्ञानविन किरिया न दीपे, मनोमत फल सार रे ॥ शु० ८ ॥ ज्ञान परिणाति रमी किरिया, तेह किरिया सार रे । भयो हरिवाहन जिनेशर, सुद्ध किरिया धार रे ॥ शु० ९ ॥

॥ काव्यं ॥

विशुद्ध सद्धाण विभूषणस्स, सुलद्धि सम्पत्ति सुपोषणस्स. नमो सदानन्त गुणप्पदस्स, नमो नमो सुद्ध क्रिया पदस्स ॥ १० ॥ ॐ ह्रीं श्री क्रियायै नमः ॥ १३ ॥ इति त्रयोदश पदे श्री क्रियापद पूजा ॥ १३ ॥

॥ अथ (१४) तपपद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

समता रस युत तप रुचिर, जणियो जिन जग-ज्ञांन। शिव सुर सुख चन्दन फलद, नन्दन विपिन समान ॥ १ ॥ सघन करम कानन दहन, करण विमल तप जान। विपिन धूमकेतन समो, जय तप सुगुण निधान ॥ २ ॥

॥ राग कल्याण ॥

॥ तेरी पूजावनी है (एचाल) ॥

मेरीलगी लगन तप चरणें, सकल कुशलमें प्रथम कुशलए,

दुरित निकाचित हरणें ॥ मेरी० १ ॥ जैसे चक्रवाककी अरुणे, चकोरकी हिमकर किरणे । जैसे गणधरकी जिनचरणे चातककी जलधरणे ॥ मे० २ ॥ जिनवर पिण तद्भव शिव जाणे, त्रिण चउ नाण सुकरणे । तदपि सुकोमल करण चरणने, ठवय कठिन तप करणे ॥ मे० ३ ॥ कपट सहित तप चरण धरणतें, वांछित फल नवि तरणे । नित ए दम्भ रहित तपपदके, सुरपति गण गुण वरणे ॥ मे० ४ ॥ पीठ महापीठ मुनि मल्लीजिन, पूरव भव तप शरणे । रहीया तदपि कपट नवि छंड्यो, भये स्त्री गोत्रा चरणे ॥ मे० ५ ॥ दृढ़ प्रहारि पाण्डव घन करमी, छंड्या करमा वरणें । तपसें सो लभहि त्रिभुवनमे, केवल कमला भरणे ॥ मे० ६ ॥ लाख इग्यारह असी हजारा, पंचसय शर दिन खिरणे । मास खमण करि नन्दन मुनिवर, पांम्यो फल शिव धरणे ॥ मे० ७ ॥ तप करीयो गुणरयण सम्बच्छर, खन्धक समता दरणे । चवद सहस मुनिमे कह्यो अधिको, धन्नो तप आचरणे ॥ मे० ८ ॥ बाहिर भ्यन्तर भेदै ए तप, बारभेद अधिकरणे । वसिने कनककेतु पांम्योपद, जिन हरषै भवतरणे ॥ मेरी० ९ ॥

॥ काव्यं ॥

लब्धी सरोजा वलिता वणस्स, सरूव संलग्ग सुपावणस्स ।

अमङ्गला नोकुह दुदवस्स, नमो नमो निम्मल सत्तवस्स ॥ १० ॥ ॐ ह्रीं श्री तपसे नमः । इति श्री तपपूजा ॥ १४ ॥

॥ अथ (१५) गौतम गणधर पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

गौतम गणधर पनरसे, पद सेवो सुप्रसन्न । वलि सहु जिन गणधर नमो, चवदे सै बावन्न ॥ १ ॥ दान सकल जग वस करै, दान हरै दुरितारि। मन वंछित सहु सुख दीयै, दान धरम हितकारी ॥ २ ॥

॥ राग सोरठ ॥

॥ में तेरी प्रीति पीछानीहो प्रभु में (एचाल) ॥

पनरम पद गुणगानाहो भवी, पनरम पद गुणगानाहो. आं०। भावधरी करीयै मनरङ्गै, परम सुपात्रै दानाहो भवी ॥ पनर० १ ॥ पात्र कह्या द्रव्यभाव दुभेदै, द्रव्य लच्छण ए जाना हो भवी । सरवोत्तम उत्तम दुवै भाजन, रतन कनक

रूपाना हो भवी ॥ पनर० २ ॥ मध्यम पात्र कहीजै एहवा, ताम्रधातु निपजाना हो भवी । पात्र लोहादिक अपर जातिना, तेह जघन्य कहाना हो भवी ॥ पनर० ३ ॥ भाव पात्रनो लच्छन कहीयै, सुनीयै सुगुण सयाना हो भवी। पंचम चरण धरै वलि धरतै, क्षीण मोह गुणठाना हो भवी पनर० ४ ॥ रतन पात्र सम ते सर्वोत्तम, पात्र कह्या जिन भाना हो भवी । प्रवर नाण किरिया धर मुनिवर, लाभा लाभ समाना हो भवी ॥ पनर० ५ ॥ ते कांचन भाजन सम कहीया, भवजल तारण यांना हो भवी । सुधमन द्वादशव्रत दरशन धर, तारपात्र सम जांना हो भवी ॥ पनर० ६ ॥ सुध समकित धर श्रेणिक परसुख, रह्या अविरत गुनठाना हो भवी । ताम्रपात्र सम एहने कहीयै, भावी गुण मणि खाना हो भवी ॥ पनर० ७ ॥ अपर सकल जन मिथ्यादृष्टि लोहादि पात्र गिनाना हो भवी । जिन शासन रङ्गै रङ्गाना, वाचंयम सुप्रमाना हो भवी ॥ पनर० ८ ॥ एहने दान दीयै शिव लहीयै, एह सुपात्र पहिचाना हो भवी । पंचदान दश-दान निकरमै, अभय सुपात्र महिराना हो भवी ॥ पन० ९ ॥ नर वाहन सुभपात्र दानते, भये जिन हरष निधाना हो भवी सालिभद्र वलि सुरसुख लहीयो, सुर नर करय वखाना हो भवी ॥ पनर० १० ॥

॥ काव्यं ॥

अनन्त विन्नाण विभाकरस्स, दुवालसङ्गी कमला करस्स,
सु लद्धवासा जरगांयमस्स, नमो गणाधीसर गोयमस्स ॥ ११
ॐ ह्रीं श्री गौतमाय नमः ॥ १५ ॥ इति पंछदश पदे सुपात्र दानाधिकारे श्री गौतम पूजा ॥ १५ ॥

॥ अथ (१६) वेयावच्च पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

**सोलम पदमे जानीयै, वेयावञ्च विधान ।
अखिल विमल गुण मणितणो, सोहै प्रवर निधान १ ॥ जिन, सूरी, पाठक, मुनी ; बालक, वृद्ध, गिलांन । तपसि, चैत्य, सङ्घनो, करो ; वेयावच्च प्रधान ॥ २ ॥**

॥ राग ॥

॥ वालो म्हांरो कब मिलसी मन मेलू (एचाल) ॥

सेवो भाई सोलम पद सुखकारी, श्रीजिनचन्दु प्रमुख दश पद नो ; करउ वेयावच्च भारी । सेवो० । श्री तीर्थंकर

त्रिभुवन शङ्कर, अवर केवली हारी। मन पर्यव धर अवधि-नाण धर, चउद पूरव श्रुतधारी ॥ सेवो॰ २ ॥ दश पूर्वी उतकृष्ट चरण धर, लब्धिवन्त अणगारी। ए जिन कहीये इन बन्दनतें, भवि हुवै जिन अवतारी ॥ से॰ ३ ॥ जिन मन्दिर बिम्ब करण भरावै, पूजकरै मनुहारी। बेयावच्च कही ए जिनकी, करीये भवजल तारी ॥ से॰ ४ ॥ आचारज पर-मुख नवपदको, बेयावच्च विजितारी। भगतिपूर्व वस्त्रौषध अन्नजल, देवै गुण विस्तारी ॥ से॰ ५ ॥ पंचसय मुनिनी करीय बेयावच्च, पूरब भव व्रतचारी। भरत बाहुवल चक्री-पद भुज, वल लह्यो वरी शिवनारी ॥ से॰ ६ ॥ नन्दिसेण सुलसा मुनि जनकी, करीय बेयावच्च सारी। तिणसे सरग-लोकमे दुयकी, भईय प्रशंसा भारी ॥ से॰ ७ ॥ इत्यादिक सोलम पद उधरै, बहुल भव्य क्रमजारी। तिणसे इन बेया-वच्च पदकी, वारी जाउ वार हजारी ॥ से॰ ८ ॥ नृप जीमूत केतु सोलम पद, सेवी भये दुख वारी। श्रीजिनहरष धरी हरिवन्दन, शरणागत निसतारी ॥ से॰ ९ ॥

॥ काव्यं ॥

मणुण्णसव्वा तिसयासयाणं, सुरासुराधीशर वन्दियाणं,
रविन्दुविम्बा मल सग्गुणाणं, दयाभ्रणाणं हि नमो जिनाणं ॥

१० ॥ ॐ ह्रीं श्री जिनेभ्यो नमः ॥ १६ ॥ इति षोड़श पदे श्री वैय.वृत्य पूजा ॥ १६ ॥

॥ अथ (१७) समाधि पूजा ॥

॥ दोहा ॥

सतर पदमे सेवीयै, सहु सुख करण समाधि । जिन सेवनते भविकनो, गमे व्याधि अरु आधि १ ॥ ब्रम्ह नगर पथि विरचतां, वर पाथेय समान । ए समाधि पद जानीयै, सुरमणि किय हैराण ॥ २ ॥

॥ राग ॥

॥ बाजै तेरा बिछुआ (इस कैरवारी चालमे) ॥

मेरोरे समाधि चरण चित वसीयो । चरण० । तसुगुण समरणि कियो मनुवसीयो । मे० । सकल जगत जन जिनकुं स्तवतुहै । अनुभव रङ्गे अतिह विकसीयो ॥ मे० १ ॥ द्रव्यत भावत दुविध समाधि, सुरतरु मांनुं नित भूवन बिलसीयो । अशन वसन सलिलादिक भक्ती, करय सद्गुनी करुणा रसीयो

मे० २ ॥ द्रव्य समाधि प्रथम ए सुनियै, कह्यो जिन लोका-लोक दरसीयो। सारण वारण चोयण प्रमुखै, पतित सुथिर करै श्रमये हरसीयो ॥ मे० ३ ॥ भाव समाधि दुतीय ए कहीयै, जो करै सो जिन चरण फरसीयो। सकल सत्त्वकौ जो उपजावत, दुविध समाधि दुरित तसु नसीयो ॥ मे० ४ सुमति पंच तृण गुपति धरै नित, सुरगिरिवरनो धीरज करसीयो। जगत जन्तु अघत पति हरणकुं, अनुभव अमृत धार वरसीयो ॥ मे० ५ ॥ सुकल अनिल करमेंधन दाहत, जिणसे परगुण परिणति खीसीयो। ए मुनि तरणि तेज सम दीपत अमृत सुखामृत पान तिरसीयो ॥ मे० ६ ॥ इन पदमे ऐसे मुनिजनके, समरणते हुय जग अवतसीयो। ए पद सेवी नृपति पुरन्दर, भये जगपति जिनहरष उल्लसीयो ॥ मे० ७

॥ काव्यं ॥

सम्विदिया पार विकार दारी, अकारणा शेष जनोपगारी। महा भवातङ्क गणार हारी, जयो सदा सुद्ध चरित्त धारी ॥ ८ ॥ ॐ ह्रीं श्री चारित्र धारिभ्यो नमः ॥ १७ ॥ इति सप्तदश पदे श्रीसमाधि पूजा ॥ १७ ॥

॥ अथ (१७) अपूर्व श्रुतग्रहण पद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

श्रुत अपूर्व ग्रहिवो सदा, अष्टादश पदमांहि। इन पद सेवक जनतणा, सहु सङ्कट नय जांहि १ ॥ जैसी कुमति विशुद्धता, घोर तपे करि होय। तत् अनन्त गुणि शुद्धता, सुज्ञानीकी जोय ॥ २ ॥

॥ राग ॥

॥ दिलदार प्यार गवरू, राखुं रे घुंघटदा पटमे (एचाल) ॥

जिनचन्द ज्ञान तेरा, होजितेरे विकट भव भटने (आं० सदपूर्व ज्ञान धरणा, वितरै जिनेन्द्र चरणा; करि सर्व कर्म हरणा ॥ जि० १ ॥ जगमे महोपकारी, भवसिन्धु वारितारी; कुमतान्धता विदारी ॥ जि० २ ॥ सहु भावनो प्रकासी, परम स्वरूप भाषी; समकित सभ्रवासी ॥ जि० ३ ॥ विणुहेतु विश्वबन्धु, गुण रत्न राशि सिन्धु; शमता पीयूष अन्धु ॥ जि० ४ ॥ स्याद्वाद पक्ष गाजै, नय सप्तसै विराजै; एकान्त पक्ष भाजै ॥ जि० ५ ॥ लहि तीर्थ पावतारा, इनसे जिनेन्द्र

सारा ; किया भव्यके उधारा ॥ जि॰ ६ ॥ पद सेवीए नरिंदा भये सागरादि चन्दा ; जिन हर्षके समन्दा ॥ जि॰ ७ ॥

॥ काव्यं ॥

सुद्धक्रिया मण्डल मण्डनस्स, सन्देह सन्दोह विखण्डनस्स । मुत्ती उपादान सुकारणस्स, नमो ही नाणस्स जयो धनस्स ॥ ८ ॥ ॐ ह्रीं श्री ज्ञानाय नमः ॥ १८ ॥ इति श्री अपूर्व श्रुत ग्रहण रूपा ज्ञान पूजा ॥ १८ ॥

॥ अथ (१९) श्रुतपद पूजा ॥

॥ दोहा ॥

पाप ताप संहरण हरि, चन्दन सम श्रुतधार । तत्व रमण कारण करण, अशरण शरण उदार ॥ १ ॥ इ गुणवीश पदमे भजउ, जिनवर श्रुतनी भक्ति । इन पद वन्दनसे लहै, अमल नाण युत मुक्ति ॥ २ ॥

॥ राग ॥

॥ ब्रजवासी कांन तें मोरी गागर ढोरी रे (अपर) आज आयोरे उच्छाह, जीवड़ानाथ जिनन्द आगै (इस चालमें) ॥

भविजन श्रुत भक्ति चरण शरण उर धरीये रे। ए श्रुत भक्ति सुमङ्गल माल, विमल केवल कमला वरमाल ॥ भ० १ ॥ सकल द्रव्य गुणगण परयाय, प्रगट करण ए श्रुत सन भाय। अतुल अनन्त किरण समवाय, धरण तरणि गण सम कहिवाय ॥ भवि० २ ॥ ए श्रुत कुमति कुनति नें सङ्ग, अगणित रमणि तणा करै भङ्ग। अरथै भाख्यो श्री जिनराज, सूत्रै गणधर मुनि सिरताज ॥ भ० ३ ॥ ए श्रुतसागर अगम अपार, अनन्त अमल गुण रयणाधार। भव भय जलनिधि तरण जिहाज, निसुणि मगण भई सकल समाज ॥ भ० ४ ॥ भव कोटी लगि तपकरि जीव, अज्ञानी करै जितनी सदीव। करम निरजरा तितनी होय, ज्ञानीकै इक खिणमें जोय ॥ ५ ॥ एक सहस कोड़ि १०००००००००००, छस्सय कोड़ि ६०००००००००। चतुरतीस कोड़ि ३४००००००००, अक्षर जोड़ि ॥ भ० ६ ॥ अड़सठ लाखरु ६८०००००० सात हजार ७०००। अड़सय ८०० असीय ८० प्रमिति चितधार ॥ (१६०३४६८७८८०) भ० ७ ॥ इतनें वरणसे इक पद होय,

एक श्लोकका गणित ए जोय। इक पदको परिमाण ए जाण, इण पदसे आगम परिमाण ॥ ८ ॥ तीन कोड़ी ३००००००० अरु अड़सठ लाख ६८००००० सहस बयालीस ४२००० ए पद भाख। इतने पदसे अङ्ग इग्यार, केरी गणना भवि चितधार भ० ९ ॥ बारम दृष्टिवादको मान, असंख्यात पदको पहिचान। इणको चउद पूरब इकदेश, इसको पारलह्यो है गणेश ॥ भ० १० ॥ एह दुवालस अङ्ग उदार, एहनो जइयै नित बलीहार। एहनी द्रव्य भाव बहु भक्ति, करीयै धरीयै जिनपद युक्ति ॥ भ० ११ ॥ रत्नचूड़ नृप सुख माधार, जिन श्रुतभक्ति करी हितकार। भये जिन हरष परम पद दाय, जिनके सुर नर पति गुणगाय ॥ भ० १२ ॥

॥ काव्यं ॥

अन्नाणवल्ली वन वारणस्स, सुबोहि बीजांकुर कारणस्स अनन्त संसुद्ध गुणालयस्स. नमो दया मन्दिर सच्छुयस्स ॥ १३ ॥ ॐ ह्रीं श्री श्रुताय नमः ॥ ॥ १९ ॥ इति उनविंशति पदे श्री श्रुतपद पूजा ॥ १९ ॥

॥ अथ (२०) तीर्थ प्रभावन पूजा ॥

॥ दोहा ॥

प्रावचनी १, अरु धर्मथकी २ ; वादि ३ निमत्ती ४ जाण। तपसी ५, विद्या ६ ; सिद्ध ७, वलि। कवी ८, एह मुनि श्राण ॥ १ ॥ भाव तीर्थ प्रभू कह्या, प्रभाव ए अष्ट। तीर्थ प्रभावन जे करै, ते फल लहै विशिष्ट ॥ २ ॥

॥ राग धन्यासिरी ॥

॥ तेज तरणि मुखराजै (एचाल) ॥

पर भावन जयकारा। अहो जयकारा। तीरथ पर भावन जयकारा। जिनसें भवसागर जल तरीयै, ते तीरथ गुणधारा ॥ ती० १ ॥ जिनके गणधर तीरथ कहीयै, वलि सङ्घ सङ्घ सुखकारा। एह महा तीरथ पहिचानो, वन्दि लहो भवपारा ॥ ती० २ ॥ अड़सठ लौकिक तीरथ तजि करि, भज लोकोत्तर सारा। द्रव्य भाव दोय भेद लोकोत्तर, थिर जङ्गम भयहारा ॥ ती० ३ ॥ पुण्डरीक परमुख पंच तीरथ, चैत्य पंच परकारा। एह वर तीरथ थावर कहीयै, दीठां दुरित

विदारा ॥ ती० ४ ॥ श्री सीमन्धर प्रमुख बीश जिन, विहर-मान भवतारा। दोय कोड़ि केवलि विचरन्ता, जङ्गम तीर्थ उदारा ॥ ती० ५ ॥ सङ्घ चतुर विध जङ्गम तीरथ, जिन शासन उजीयारा। वर अनन्त गुण भूषण भूषित, जिनकुं नमत जिन सारा ॥ ती० ६ ॥ ए तीरथ पर भावना करीयै, सुभ भावना आधारा। शिवकज जल विंशति तम पदकी, जाउं प्रतिदिन बलिहारा ॥ ती० ७ ॥ ए तीरथ पर भावना करतो, मेरु प्रभु अविकारा। पद जिन हरष लहीने तरीया भव भय जलधि अपारा ॥ तीर० ८ ॥

॥ काव्यं ॥

महा महा नन्द पद प्रदाय, जगत्त्रयाधीश्वर वन्दिताय। जिन श्रुत ज्ञान पयोनदाय, नमोस्तु तीर्थाय शुभं ददाय ॥ ९ ॥ ॐ ह्रीं श्री तीर्थाय नमः ॥ २० ॥ इति विंशति पदं श्री तीर्थ प्रभावन पूजा ॥ २० ॥

॥ अथ विंशति पद स्तुति ॥

॥ राग गरबो ॥

॥ सुनी चतुर सुजान पर नारी सुं प्रीतडो (एचाल) ॥

चित हरष धरी, अनुभव रङ्ग, वीश परम पद वन्दीये. शिव रमणि वरी, केवल सखीय सहाय, करी चिरनन्दीयै । (आंकणी) ए वीश चरण अशरण शरणा, चिर सञ्चित दुरित तिमिर हरणा । नित चित ए पद समरण धरणा ॥ चि॰ १ ॥ ए पद समरण जिन चित धरीया, तरीया तरसै तरै भव दरीया । सदनन्त भविक सहु भय हरीया ॥ चि॰ २ ए पद गुण सागर मनुहारा, वरणन तरणीयै वहुहारा । इन्द्रादिक सुरन लह्यो पारा ॥ चि॰ ३ ॥ ए पद अतिशय महिमा धारा, आश्रित पद कमला भरतारा । जिनचंद्रा नंद घन पद कारा ॥ चि॰ ४ ॥ जिन हरष सुरिन्दकै शिव करणा चन्द्रामल गुण विंशति करणा । हुइज्यो प्रभु अरज ए अवधरणा ॥ चि॰ ५ ॥ इति श्री समस्त विंशति पद स्तुति ॥

॥ अथ कलश ॥

ए वीश थानक भुवन नन्दन अघ निकन्दन जानीयै, विबुधेंद्र चन्द्र नरेन्द्र वन्दित पद जिनेन्द्र वखानीये । ए वीश

पद भव जलधि तारण तरण गुण पहिचानीये, इम जानि भविजन कुशल कारण वीश पद उर आनीये ॥ १ ॥ इह वरस चन्द्र दिनेन्द्र हरिमुख विधि नयन छिति मिति धरु, तिह मास भाद्रव धवल दल तिथि पंचमी रवि वासरु । बङ्गाल जनपद जिह विराजित शिखर तीरथ गिरीवरु, सहु नगर शोभित अजिमगञ्ज पुर दुतिय वालूचर पुरू ॥ २ ॥ खरतर गणेशर विजित सुर गुरु विमल गुण गिरिमा धरा, गुण भवन भविजन नलिन कानन नित विकाशन दिनकरा । मुनिचन्द्र श्री जिनलाभ सूरिन्द सुगुरु महीयल युगवरा, सकलेन्द्र वंद्य जिनेन्द्र शासन मण्डना नित हितधरा ॥ ३ ॥ तसु पट्ट उज्जल शिखरि गणवर उदय गिरी वासर करा, योगीन्द्र वृन्द नरेन्द्र वन्दित चरण पङ्कज गणधरा । आचार पंच छत्तीस गुणधर सकल आगम सागरा, युग प्रवर श्री जिनचन्द्र सूरी गुरु सकल सूरी सरा ॥ ४ ॥ तसु चरण कमलज युगल सेवन अहनिशि मधु करता धरी, वलि सुगुरु पद अरविन्द युगनी कृपा नित चित आदरी । गणधार श्री जिन हरष सूरी हरष धरी घन अघहरी, या वीश पदकी विविध पूजनविधि तणी रचना करी ॥ ५ ॥ इति श्री विंशति स्थानक स्तुति मयः पूजा विधि ।

॥ अथ वीशस्थानकी आरती ॥

॥ राग ॥

॥ जीया चतुर सुजाण नव पदके गुण गायरे (एचाल) ॥

पिया विंशति थान मङ्गल आरती गायरे (आंकनी) सुमति प्रिया कहै चेतन पतिकों, निसुण बचन मन भायरे ॥ पि० १ ॥ यदि निजगुण परणति तुम चहीयै, तिनको एह उपाय रे । पि० । अरिहन्त सिद्ध आचारज पाठक, साधु सकल समुदाय रे ॥ पि० २ ॥ इत्यादिक विंशति पद समरण भव भय हरण विधायरे । पि० । एह आरती दुरति वारती, अनु पम सुर सुखदायरे ॥ पि० ३ ॥ जैसे भगतै करत आरती सकल सुरा सुर रायरे । पि० । तैसे भवितुमे करउ आरती, ए पद गुण चितलायरे ॥ पि० ४ ॥ पंच प्रदीप से करय आरतो, जे नित चित उलसायरे । पि० । ते लही पंच चिदा नन्द घनता, अचल अमर पद पायरे ॥ पि० ५ ॥ पंच प्रदीप अखण्डित ज्योतै, दुरमति तिमिर विलायरे । पि० । एह आरती तुरत तारती, भवजल निपतत घायरे ॥ पि० ६ ॥ पद जिन हरष तणी ए करणी, मन हरणी कहिवायरे । पि० चन्द्र विमल शिव सिद्धि निधि धरणी, वरणी किनविध जाय रे ॥ पि० ७ ॥ इति वीश थानक आरती सम्पूर्णम् ।

॥ अथ स्रगधरा छन्द काव्य तीन ॥

योर्जीमुतां जनोघां, जन गिरि सदृशां, कायिकेतु प्रभुक्तो। दुर्वारस्फार पङ्कोत्कट तर समर, व्राततागम्परूपा. अव्याबाधा व्यपोघत् परम पद दशां सदृशां योविभर्त्त। योनित्यं क्षायिकाख्या क्षय विमल लसत्तै लपूर्त्ति दधानः॥ १॥ स्याद्वादौ द्दामध्वामो च्छलद तुलफल प्रज्वल ज्ञातवेदो ज्वाला माला कुलाङ्गा जनित भव महा रण्य जातङ्क सङ्गाः. यत्रानेके पतङ्गाः कुमत मिमतयो जीजनन्नष्टरङ्गा, भस्मी भावं स्वकीयं सकल भयहरः शङ्कर प्राणभाजां॥२॥ प्रद्धस्तां नन्तवंचत्किरण गणलसत्सप्त सन्ति प्रतापो, लोका लोकाव लोका स्खलित विमलतो दग्रजाग्रत्प्रकाशः। त्रैलोक्या नन्दन स्समकृत कुशलक्रु द्भन्दन श्चामरेन्द्रै, श्रीवामानन्दनोय जगति विजयतां जैनचन्द्र प्रदीप॥ ३॥ त्रिभिर्विशेषकं॥ इति यह तीन काव्व आरती कियां पीछे दोनु हाथ जोड़के कहै.

॥ इति श्री विंशति स्थानक पूजा सम्पूर्णम्॥

॥ ❁ अथ ऋषिमण्डल पूजा ❁ ॥

॥ अथ १ श्रीजिनेन्द्रास्याष्टविध पूजा ॥

॥ दोधक ॥

प्रणमी श्री पारस विमल, चरण कमल सुखदाय
ऋषिमण्डल पूजन रंचुं, वर विधि युत चितलाय
१ ॥ नन्दीश्वर मन्दर गिरै, शाश्वत जिन महा
राज । अरचै अड़विध पूजसे, जैसे सहु सुरराज
२ ॥ तिम चित जिनपति गुणधरी, श्रावक सम
कित धार । विरचै जिन चौवीसकी, अड़विध
पूज उदार ॥ ३ ॥ (गाथा) सलिल १ सुचंदन
२ कुसुमजरं ३, दीवगकरणंच ४ धूवदाणंच ५
वर अक्षत ६ नेविजायं ७, सुन्न फल ८ पूजाय
अठविहा ॥ १ ॥ ए अडविध पूजा करणं, सुणियै
सूत्र मझार । जे नवि विरचै प्रभू तणी, ते पामै
भव पार ॥ २ ॥

॥ दोधक ॥

प्रथम जिनेश्वर तिम प्रथम, जोगीश्वर नर गय
प्रथम नए युग आदिमै, सकल जीव सुखदाय १ ॥

॥ राग देशाख ॥

॥ पूर्वमुख सावनं करी दशन पावनं (इस चालमे) ॥

विमल गिरि उदय गिरि राज शिखरो परै, तरुण तर तेज दीपत दिणिन्दा। युगल भ्रम वारकरी धरम उद्योत किय, विमल इक्ष्वाकु कुल जलधि चन्दा ॥ १ ॥ मात मरुदेवी वर उदर दरि हरि वरा, सकल नृप मुगुट मणि नाभिनन्दा। अखिल जग नायक सुगति सुख दायका, विमल वर नाण गुणमणि समन्दा ॥ २ ॥ बृषभ लांछन धरा सकल भवभय हरा, अमर वरगीत गुण कुशल कन्दा। गहिर संसार सागर तरणि शम धरा, नमत शिवचन्द प्रभु चरण वन्दा ॥ ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल १ चन्दन २ पुष्प ३ फलव्रजैः ४, सुविमलाक्षत ५ दीप ६ सुधूपकैः ७। विविध नव्य मधु प्रवरान्नकै ८, र्जिन मर्मीभिरहं वसुभिर्य्य जे ॥ १ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने अनंतानन्त ज्ञान शक्तये, जन्म जरा मृत्यु निवारणाय ; श्रीमत्

ऋषभ जिनेन्द्राय, जलं, पुष्पं, धूपं, दीपं, अक्षतं, नैवेद्यं, फलं, वस्त्रं यजामहे स्वाहा ॥ इति श्री प्रथम जिनेन्द्रास्याष्ट विध पूजा ॥ १ ॥

॥ अथ २ श्री अजित जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

जय जिनन्द दिनन्द सम, लखि भविकज विकसात। परमानन्द सुकन्द जल, विजया मात सुजात ॥ १ ॥

॥ राग ॥

॥ आयरहो दिलवागमें, प्यारे जिनजी ॥ (इस ख्यालकी चालमें) ॥

एक अरज अवधारियै (अजित जिन) एक अरज अवधारियै ॥ (आंकनी) अजित जिनेशर जग अलवेशर, कूरम निजर निहारियै । अजित जिन एक० । तारण तरण विरुध सुणितरो, आयो सरण तिहारियै ॥ अ० एक० १ ॥ चरम सिन्धु भव भय जल निपतित, चरण पतित मोहि तारियै । अजि० ए० । परमानन्द घन शिव वनिता नन, कज मधुपान सुकारियै ॥ अ० ए० २ ॥ चिरसंचित घन दुरित तिमिर हर, तुम जिन भये तिमिरारियै । अजि० । कहै शिवचन्द्र अजित प्रभु मेरे, एह अरज न विसारियै ॥ अजित० एक० ३ ॥

(काव्यं)

सलिल चं० ॥ ॐ ह्रीं श्री मदजित जिनेन्द्राय ॥ वसु द्रव्य यजा० ॥ इति श्री अजित जिनेन्द्रास्याष्टविध पूजा ॥

॥ अथ ३ श्री सम्भव जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

जय जितारि सम्भव सदा, श्रीसम्भव जिन-राज। सकल लोक जिन जीतलिय, जीतो मोह समाज ॥ १ ॥

॥ राग ॥

॥ गन्धवटी घनसार केसर मृगमदारस भेलीये (एचाल) ॥

अपरिमित वर शिखर सागर धार सम्भवकार ए, जिनराज सम्भव पाय वन्दो लहो भवजल पार ए ॥ वलि जलधिजात सुजात कुंजर कुम्भ भंजन जानियें। तसु जनक नाम समान नामा भये जिनवर आनियें ॥ १ ॥ जसु चरण पङ्कज मधुर मधुरस पान लय लागी रह्यो। मिलकरि सुरासुर खचर व्यन्तर भमर नितचित ऊमह्यो ॥ जसु चरण कमलै प्लावगलांछन कनक सुवरण काय ए। सहु भुवन नायक सुमति दायक जननी सेना जाय ए ॥ २ ॥ जसु मधुर वाणी जगतव्याणी तीस शर (३५) गुणधारिणी। संसार सागर

भय भराभर पतित पार उतारिणी ॥ स्याद्वाद पक्ष कुठार धारा कुमति मद तरु दारिणी। प्रभु वाणी नित शिवचन्द्र गणिकै हुवो मङ्गल कारिणी ॥ ३ ॥

॥ काव्य ॥

सलिल चन्दन० ॥ ॐ ह्रीं श्री प० श्रीमत्सम्भव जिनेन्द्राय वसुद्रव्यं यजा० ॥ इति तृतीय श्री सम्भव जिन पूजा ॥

॥ अथ ४ श्री अभिनन्दन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

श्री चतुर्थ जिनवर सदा, पूजो भवि चित-लाय। भगति युगति सङ्कट हरण, करण तीन सुध थाय ॥ १ ॥

॥ राग सोरठ ॥

॥ कुन्द किरण शशि उजलो रे देवा (एचाल) ॥

सम्बर नन्दन जिनवरु रे वा०, अभिनन्दन हित कामीरे. जग दभि नन्दन जय करुं वा०, दुरित निकन्दन स्वामी रे ॥ १ लोकालोक प्रकाशता रे वा०, करता अविचल धामी रे ॥ अव्याबाध अरूपिता रे वाल्हा, विमल चिदानन्द रामी रे ॥ २ ॥ वांछित पूरण सुरमणी रे वा०, ए प्रभु अंतर जामी रे। ऐसे जिन महाराजकुं रे वा०, चंद्र नमें शिर नामी रे ॥ ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॐ ह्रीं श्रीप० श्रीमद भिनन्दनजिनें० वसु०। इति श्री चतुर्थाभिनन्दन पूजा ॥ ४ ॥

॥ अथ ५ श्री सुमति जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

पञ्चम जिन नायक नमुं, पञ्चमि गति दातार। पञ्चनाण वर विमल कज, वन विकसन दिनकार ॥ १ ॥

॥ राग कैरवो ॥

॥ वन्सी तेरी वैरिणि वाजै रे, वैरिणि वाजै (एचाल) ॥

सुध भाव चित्त थिर धरिकै रे। चित्त०। पूजो सुमति जिनिन्द। सुधभाव०। जिन भक्ति करण रसीला, लहो परम आनन्द ॥ सुध० १ ॥ जिनराज सुमति समन्द, करै कुमति निकन्द। सुध०। प्रभुना चरण अरविन्दा, वन्दै असुर सुरिंद सुध० २ ॥ कनकाभ तनु दुति सोहै, प्रभु सुमङ्गला नन्द। सुध०। करुणोपशम रस भरिया, वन्दै नित शिवचन्द ॥ सुधभाव० ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॐ ह्रीं श्री मत्सुमति जिनेन्द्राय वसु द्रव्यं०। इति पंचम पदे श्री सुमति जिन पूजा ॥ ५ ॥

॥ अथ ६ श्री पद्मप्रभु पूजा ॥

॥ दोधक ॥

हिवे षष्टम जिनवर तणी, पूजन करहु उदार। भवि चित भक्ति धरी करी, सुख संपति करतार ॥ १ ॥

॥ राग सारङ्ग ॥

॥ हांहों० । बावना चन्दन घसि कुमकुमा (एचाल) ॥

हांहो रे वाला) पदम प्रभु मुख चन्द्रमा, नित सकल लोक सुखदाय ए (हां०) हरि सुर असुर चकोरड़ा, नित निरख रह्या ललचाय रे ॥ हां० १ ॥ जिन मुख वचन अमृत तणो, जे श्रवण करै भविपान ए । हां० । ते अजरा मरता लहै, हरिगण करे जसु गुण गान ए ॥ हां० २ ॥ धर नृप कुल नभ दिन मणि, प्रभु मात सुसिमा नन्द ए । हां० । प्रभु दरशण ते प्रतिदिनं, हुइ ज्यों शिवचन्द आनन्द ए ॥ हांहो रे वाला ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॐ ह्रीं श्री पद्मप्रभु जिनेन्द्राय वसु०

इति षष्टम पदे श्री पद्मप्रभु जिन पूजा ॥ ६ ॥

॥ अथ ७ श्री सुपार्श्व जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

श्री सुपार्श्व सुर तरु समो, कामित पूरण काज। जो जविषण पूजो सदा, वसु विध पूज समाज ॥ १ ॥

॥ राग कल्याण ॥

॥ मेरा दिल लग्या जिनेशर से (एचाल) ॥

मेरी लगी लगन जिनवर से। मेरी०। जैसे चंद चकोर भमरकी, केतकी कमल मधुरसे। मेरी०। एह सुपारस प्रभु भए पारस, गुण गण समरण फरसै। मेरी०। चेतन लोह-पणो परिहरकै, हुयल्यै कांचन सरिसै ॥ मेरी० १ ॥ ए प्रभु करुणा करकुं धरिल्यै, उर जिम कमल भमरसै। मेरी०। जे भवि जिनपद लगन धरै तसु, नही भय मरण असुरसै ॥ मेरी० २ ॥ मात पृथवि तनु जात तनु द्युति, सम शुभ कांचन सरसै। मेरी०। कहै शिवचन्द चित्त नित मेरो, रहो प्रभु पद लय भरसै ॥ मेरी० ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॐ ह्रीं श्री मत्सुपार्श्व जिनेन्द्राय वसु० द्रव्यं०। इति सप्तम पदे श्री सुपार्श्व जिन पूजा ॥ ७ ॥

॥ अथ ८ श्री चन्द्र प्रभु पूजा ॥

॥ दोधक ॥

अष्टम जिनपद पूजियै, विविध कष्ट हरतार ।
अष्टसिद्धि नवनिधि लहै, जिन पूजन करतार ॥ १

॥ राग गुण्ड मिश्रित मल्हार ॥

॥ मेघ बरसै भरी कुसुम वादल करी (एचाल) ॥

परम पद पूर्व गिरिराज परि उदय लही, विजिन पर चन्द्र दिनकर अनन्ता । चन्द्रप्रभु चन्द्रिका विमल केवल कला, कलित सोभित सदा जिन महन्ता ॥ परमपद० १ ॥
कुमति मत तिमिर भर हरीय पुन भूरि भवि, कुमुद सुख करीय गुण रयण दरीया । गहिर भवसिन्धु तारण तरणि गुण, धारि भव तारि जिनराज तरीया ॥ परम पद० २ ॥
राखियै आज मोहि लाज जिनराज प्रभु, करण सुख चरण जिन शरण परीया । परम शिव चन्द्र पद पद्म मकरन्द रस, पान नित करण ततपर भरीया ॥ परम पद० ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॐ ह्रीं श्री मच्चन्द्र प्रभु जिने० वसु०
इति अष्टम पदे श्री चन्द्रप्रभु पूजा ॥ ८ ॥

॥ अथ ९ श्री सुविध जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

सुविध २ समरण थकी, कामित फल प्रकटाय ।
अतिह गहन संसार वनि, वहुल अटन मिटजाय ॥

॥ राग ॥

॥ चम्पक कैतकी मालती (एचाल) ॥

सुविध चरण कज बन्दीयै ए । अईयां व० । नन्दीयै अति चिरकाल । सिव तरवारि निकन्दीयै, विघन कन्द ततकाल १ ॥ आज जनम सफलो भये । हां र सफ० । दीठो प्रभुदीदार । तनु मन दृग विकसित भये, जिम कज लखि दिनकार ॥ २ ॥ अमृत जलधर वरसीयो । हां० अइ० व० । भवि उर क्षेत्र मझार । दर्शन सुरगुरु उगीयो, शिव फलनो दादार ॥ ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॐ ह्रीं श्री मत्सुविध जिनेन्द्राय वसु० ।
इति नवम पदे श्री सुविध जिन पूजा ॥ ९ ॥

॥ अथ १० श्री शीतल जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

मुझ तनु मन शीतल करो, श्री शीतल जिन राज । तुम समरण जलधारसे, अंतर तपति बुझाय ॥ १ ॥

॥ राग घाटो ॥

॥ दादा कुशल सुरिन्द० (इस चालमे) ॥

मेरे दीनदयाल, तुम भये सकल लोक प्रतिपाल आ० । सुणि शीतल जिनवर महाराज, चरण शरण धर्यो प्रभुनो आज । मेरे दी० । न नमुं सहु सविकारी देव, करिसुं चरण कमलनी सेव ॥ मेरे० १ ॥ जैसे सुरमणि करतल पाय, कुणल्यै काच शकल टलसाय । मेरे० । तुम सम सुरवर अवरन कोय, हेर २ जग निरख्यो जोय ॥ मेरे० २ ॥ प्रभु दरशण जलधर घनघोर, लखिय निरत करे भविजन मोर । मेरे० । पद शिव चन्द्र विमल भरतार, अरज एह उर धरियै सार ॥ मेरे० ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॐ ह्रीं श्री मच्छीतल जिनेन्द्राय वसु० । इति दशम पदे श्री शीतल जिनेन्द्र पूजा ॥ १० ॥

॥ अथ ११ श्री श्रेयांस जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

श्री श्रेयांस जिनेंद्र पद, नद डुति सलिला धार।
जे नेत्रै मज्जन करै, ते सुचि हुइ विधुतार ॥ १ ॥

॥ राग ॥

॥ सोहम सुरपति वृषभ रूप करि (इस चालमे) ॥

श्री श्रेयांस जिणेशर जग गुरु, इन्द्रिय सदन सभंदहे । जसु वसु विध पूजनसे अरचो, उर धरि परमानन्दहे ॥ ए समकित धर श्रावक करणी, हरिणी भव मनरङ्ग हे । विजय देव जिन प्रतिमा पूजी, जीवा भिगम उवङ्ग हे ॥ श्री० १ ॥ सूरीयाभ प्रभू पूजन करियो, राय पसेणी उपाङ्ग हे । ग्याता अङ्गै द्रुपदि श्राविका, पूज्या जिन प्रतिबिम्ब हे ॥ काल लगै भमसी भव वनमें, मन्दमती भयभ्रांत हे ॥ श्री० २ ॥ विष्णु मात तनुजात विष्णु नृप, विमल कुलांबर हंस हे । सकल पुरन्दर अमर असुर गण, शिरो वरि प्रभु अवतंस हे ॥ इम सुरवरनी परि श्रावक जे, पूजै जिन उछरङ्ग हे । ते शिव चन्द्र परम पद लहिस्यै, निश्चय करी भवभङ्ग हे ॥ श्री० ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॐ ह्रीं श्री श्रेयांस जिनेन्द्राय वसु० ।

इति एकादश पदे श्री श्रेयांस जिन पूजा ॥ ११ ॥

॥ अथ १२ वासुपूज्य जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

द्विवारम जिनवर तणी, पूजन करियै सार ।
भाव भक्तियुत भवि सदा, द्रव्यभक्ति चितधार ॥ १

॥ राग ॥

॥ सव अरति मथन मुदार धूपं (एचाल) ॥

सकल जग जन करत बन्दन, जया नन्दन सामिरे देवा, दुरित ताप निकन्द चन्दन, परम शिव पद गामिरे देवा ॥ सकल० १ ॥ नृपति वर वसु पूज्य नृपकुल, विपिन नन्दन जातरे देवा । सुहरि चन्दन नन्द नन्दन, नन्द मदकिय घातरे देवा ॥ सकल० २ ॥ वासु पूज्य जिनेन्द्र पूजो, सकल जन महाराज रे देवा । करत नुति शिव चन्द्र प्रभुए, निखिल सुर शिरताज रे देवा ॥ सकल० ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॐ ह्रीं श्री मद्वासु पूज्य जिनेन्द्राय वसु द्रव्यं० । इति द्वादश पदे श्री वासुपूज्य जिन पूजा ॥ १२ ॥

॥ अथ १३ श्री विमल जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

विमल २ जिन कर मुझै, मलिन करम करि दूर।
तेरम प्रभु रमियै सदा, सुखकर भक्ति गुणपूर ॥ १

॥ राग ॥

॥ सिद्धचक्र पद वन्दोरे भविका (एचाल) ॥

विमल चरण कज वन्दोरे । सूरीजन विम० । वन्दनसैं आनन्दो रे । सू० वि० । जसु गणधर मुनिवर गण मधुकर, संवत पद अरविन्दो । श्यामा उदर सुगति मुगता फल, कृत वरमा नृप वन्दोरे ॥ सूरी० १ ॥ सहु जग मण्डल विमल करणकूं, निज शासन नभचन्दो । उदय भयो भवि कमुद विकसिवा, वर गुण रयण समन्दोरे ॥ सू० २ ॥ यदि भव वान्दि हरण भवि चाहो, प्रभु वन्दो चिरनन्दो । विमल चिदानन्द घन मय रूपी, नित वन्दत शिवचन्दो रे ॥ सूरी० ३ विमल० ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चन्दन० ॥ १ ॥ ॐ ह्रीं श्री मत् विमल जिने० । इति त्रयोदश पदे श्री विमल जिन पूजा ॥ १३ ॥

॥ अथ १४ अनन्त जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

हिव चवदम जिन पूजतां, हरियै विषय विकार ।
जो भवियण सुणियै सदा, ए प्रभु शरणाधार ॥ १ ॥

॥ राग ॥

॥ पंचवरणी अङ्गीरची० (एचाल) ॥

पूज करणी प्रभुनी दुरित निवारी । दुरि । (आंकणी) अनन्त तरणी हिम किरण तरुण तर, किरण निकर जीताहे भारी । अनन्त नाणवर दरशण तेजै, प्रभुसु यशोदर है अवतारी ॥ पूज० १ ॥ लोका लोक अनन्त द्रव्यगुण, पर्याय प्रगट करण हारी । तातै अन्वय युत जिन धरियो, अनन्त नाम अति मनुहारी ॥ पूज० २ ॥ सिंहसेन नृप नंदन वंदन करत इंद्र चंद्र सुखकारी । सादि अनंत भङ्ग थिति धारियो, पद शिव चंद्र विजय धारी ॥ पूज० ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चंदन० ॐ ह्रीं श्री मच्चतुर्दश अनंत जि० वसु० ।

इति चतुर्दश पदे श्री अनंत जिन पूजा ॥ १४ ॥

॥ अथ १५ श्री धर्मजिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

भानु नृप कुल भानु कर, पनरम जिन सुर सार। सोभित सहु जग विपिन जन, दुरख फलद जलधार १ ॥

॥ राग ॥

॥ धीर समीरे यमुना तीरे, वसती वने वनमाली (एचाल ॥

धर्म जिनेसर धरम धुरंधर, जग बंधव जगवाला। मैं वारी जाउं, जग० धर्म०। सुव्रता नंदन पाप निकंदन, प्रभु भये दीन दयाला ॥ मे० १ ध० ॥ प्रभु धीरज गुण निरखि अमर गिरि, लज्जि लीनो अचला धारा। मे०। जिन गम्भीरता चरम सिंधु लखि, किय लोकांत विहारा ॥ मे० २ ध० ॥ ए जिन चंद्र चरण अचरणतें, लहि जिनपति अवतारा। मे० करम वैरि दलकरि भवि लहिस्सो, पद शिव चंद्र उदारा ॥ मेवा० ३ धरम० ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चंदन०। ॐ ह्रीं श्रीप० श्रीमत धर्म जिने० वसु द्रव्यं०। इति धर्मजिन पूजा ॥ १५ ॥

॥ अथ १६ श्री शान्तिजिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

अचिरा उयरे अवतरी, शान्ति करी सुखकार। मारि विकार मिटाय करि, नाम धर्यो शान्ति सार ॥ १ ॥

॥ राग विभास ॥

॥ भाव धरि धन्य दिन आज सफलो गिणुं (एचाल ॥

शांति जिन चंद्र निज चरण कज शरण गत, तरणि गुणधारि भव वारि तारी। कुमत जन विपिन जनि कुमति घन वृतनि तति, छितिनि शितधार तरवारि वारी ॥ शां॰ १ एक भव पद उभय चक्रधर तीर्थ कर, धारिया वारिया विघन सारा । सकल मदमारिया विमल गुण धारिया, सारिया भक्ति वांछित अपारा ॥ शां॰ २ ॥ हरिण लंछन धरा वरण सुवरण करा, सुरवरा हितधरा गतविकारा । मोह भट धराणि अर गण हरण वज्रधर, कुमुद शिव चंद्र पद रजनिकारा ॥ शांति॰ ३ ॥

॥ काव्यं ॥

सलिल चंदन॰ । ॐ ह्रीं श्रीप॰ श्रीमत षोडशम शांति जिनं॰ यमुद्रव्य॰ । इति शांति जिन पूजा ॥ १६ ॥

॥ अथ १७ श्री कुन्थुजिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

सतरम जिनवर दीव सम, भवि भव सागर जाण । भक्ति युक्ति नित पूजियै, लहीयै अमल विमाण ॥ १ ॥

॥ राग ॥

॥ अरिहन्त पद नित ध्याइयै (एचाल) ॥

कुंथुजिनन्द गुण गाइये । वारि । मनवंछित फल पाइयै रे । प्रभु समरण लय लाइयै । वारि । भवि भव तजि शिव जाइयै रे ॥ कुंथु० १ ॥ भव जल गत निज आतमा । वारि करुणा उर धरि ताइयै रे । चरण कमल उपयोगिता । वारि ग्रहण करणकुं धाइयै रे ॥ कुंथु० २ वारि ॥ ए प्रभु दरशण जीवने । वारि । अनुभव रसनो दाइयै रे । वर शिवचन्द्र विमल बधै । वारि । दिन २ सोभ सवाइयै रे ॥ कुंथु० ३ ॥

॥ काव्य ॥

सलिल चन्दन० । ॐ ह्रीं श्रीप० श्रीकुंथुजिने० वसुद्रव्यं० इति श्रीकुंथु जिन पूजा ॥ १७ ॥

॥ अथ १७ अर नाथ पूजा ॥

॥ दोधक ॥

जिन अढारमो ध्याइयै, त्रवियण चित्त मझार। करण तीन इक कर मुदा, प्रतिदिन जय जय कार ॥ १ ॥

॥ राग बसन्त ॥

॥ सङ्ग लागोही आवै, कुण खेलै तोसु होरी रे (एचाल ॥

निज बिमल भक्तिसें, अरजिनसे नित रमियै रे। निज बिमल०। जिनगुग निजगुण तुल्य करणकुं, चञ्चल चित हय दमियै रे ॥ निज० १ ॥ सुमति युवति संयम उर धरिकै कुमति नारि सङ्ग गमियै रे । निज०। अनुभव अमृत पान करण तैं, विषय विकृत बिष दमियै रे ॥ निज० २ अर० ॥ जिनवर सङ्ग रमण दव अनलै, पङ्क सघन वन धमियै रे। निज०। कहै शिवचन्द्र जिनेन्द्र रमणसे, भव रणमें नहीं भमियै रे ॥ निज० ३ अरज० ॥

॥ काव्य ॥

सलिल चन्दन०। ॐ ह्रीं श्रीमदष्टादश अरजिने० वसु द्रव्य०। इति अरजिन पूजा ॥ १८ ॥

॥ अथ १९ श्री मल्लिजिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

उग्रुखीसम जिन चरण कज, भमर होय लय-लाय। सेवै तसु भवि भमरता, अगणित दुरित विलाय ॥ १ ॥

॥ राग ॥

॥ सम्भव जिन सुखकारी रे वाला (एचाल) ॥

मल्लिजिनन्द उपगारी रे वाला, मल्लिजिनन्द उपगारी हांरे होरे वाला। वारी जाउ वार हजारी रे वाला। मल्लि०। कुम्भ नरेशर गगनां गणमे। सहस किरण अवतारी रे वाला मल्लि० १ ॥ पूरव भव षट्मित्र नरिन्द प्रति। बोधि सिन्धु भवतारी। मल्लि०। वेद त्रयी विरही तनु धार्यो। सकल सङ्घ सुखकारी रे वाला ॥ मल्लि० २ ॥ सकल कुशल हरि चन्दन तरुवर। नन्दन वन अनुकारी। मल्लि०। सङ्घ चतुर्विध भूरि खचर गण। प्रणत चन्द्र अनुहारी रे वाला ॥ मल्लि० ३ ॥

॥ काव्य ॥

सलिल चन्दद०। ॐ ह्रीं श्री मल्लिजिने० वसुद्रव्यं०। इति मल्लिजिन पूजा ॥ १९ ॥

॥ अथ २० श्रीमुनिसुव्रत जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

पद्मोदर वर पद्मनद, गत पर पद्म समान ।
विंशतितम प्रभु पूजिये, केवल लब्धि निधान ॥ १

॥ राग गरबो ॥

॥ सुनि चतुर सुजान, पर नारी सुं प्रीतड़ी कबहु
न कीजिये । एचाल) ॥

सुनि सुव्रत जिनेन्द्र सुनिजर धरि मुझपर वर दरशण दीजियै, प्रभु दरस प्रीति निरुपाधिकता । करियै लहियें शिव साधकता, तब तुरति मिटै शिव बाधकता ॥ सुणि० १ ॥ अमृतमें साध्यपणो विलसै, प्रभु दरशण साधनता उलसै । तद मुझमें साधकता मिलसै ॥ सुणि० २ ॥ भिन्नादि करणता यदि विघटै, एकाधि करणता यदि सुघटै ; तद मुझ शिव साधकता प्रगटै ॥ सुणि० ३ ॥ एकाधि करणता मुझ करियै, भिन्नाधि करणता परि हरियै ; शिव चन्द्र विमल पद तद वरियै ॥ सुणि० ४ ॥

॥ काव्य ॥

सलिल चन्दन० । ॐ ह्रीं श्री विंशतितम श्रीमत् मुनि सुव्रतजिनं० वसुद्रव्य० । इति मुनिसुव्रत जिन पूजा ॥ २० ॥

॥ अथ २१ श्री नमि जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

अन्तर वैरी नमावियां, तब लहियो नमि नाम।
भवियण ए प्रभु पूजसे, सरीधै वंछित काम ॥ १ ॥

॥ राग ॥

॥ हम आए है शरण तिहारे, तुम प्रभु शरणागत तारे वारी० (एचाल) ॥

श्रीनमि जिनवर चरण कमलमें, नयन भ्रमर युग धरियेंरे। तिण किय गुण मकरन्द पानसे, चेतन मद मत करियेंरे। वारि। चेतन मद मत करियेंरे ॥ श्रीनमि० १ ॥ एह चरण कज अह निश विकसे, पर कज निसि कुमलावैरे। वारी पर। एन बलै बलि तुहिन अनलसे, अपर कमल बल जावैरे ॥ वारी० २ अप० ॥ ए पद कज गुण मधुरस पीवत जीव अमरता पावैरे। वारी। अवर कमल रस लोभी मधुकर, कजगत गज गिलजावैरे ॥ वारी० ३ ॥ परकज निजगुण लच्छिपात्र है, पद कज सम्पद देवैरे। वा०। तातै पद शिव चन्द्र जिनिन्दके, अहनिशि सुर नर सेवैरे ॥ वा० ४ ॥

॥ काव्य ॥

सलिल चन्द० ॐ ह्रीं श्री नमि जिनेन्द्राय वसुद्रव्य०। इति श्री नमि जिन पूजा ॥ २१ ॥

अथ २२ श्री नेमि जिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

बावीसम जिन जगगुरु, ब्रम्हचारी विख्यात।
इण वंदन चंदन रसै, पाप ताप मिट जात ॥ १

॥ राग रामगिरी ॥

॥ गात्र लूहैं जिन मन रङ्गसुं रे देवा (एचाल) ॥

नेमि जिनन्द उर धारीयै रे वाला, विसय कसाय निवारीयै वाला। वारीयै हांरे वाला वारीयै, ए जिननें न विसारीयै रे ॥ १ ॥ जलधर जिम प्रभु गरजता रे वाला, देशना अमृत वरसता रे वाला। देस०। वरसता हांरे वाला वरसता, भविक मोर सुणि उलसता रे ॥ २ ॥ समव सरण गिरि परि रह्या रे वाला, भा मण्डल चपला वह्या रे वाला। चपला वह्या हांरे चपला वह्या, सुर नर चातक ऊमह्या ॥ ३ बोध बीज उपजावीयो रे वाला, भविउर क्षेत्र वधावीयो हांरे वाला। धा०। भविक सुगति फल पावीयो रे ॥ ४ ॥

॥ काव्य ॥

सलिल चन्द० ॐ ह्रीं श्री मन्नेमी जिनेन्द्राय वसुद्रव्य०

इति श्री नेमि जिन पूजा ॥ २२ ॥

॥ अथ २३ श्री मत्पार्श्वजिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

अश्वसेन नन्दन सदा, वामोदर खनि हीर ।
लोक सिखर सोजै प्रभु, विजित करम बड़वीर ॥ १

॥ राग ॥

॥ बाजै तेरा विछुया (इस कैरवाकी चालमे) ॥

पास जिनन्दा प्रभु मेरै मन वसीया । पास जिनन्दा० । मेरै मन वसीया रे, मेरै दिल वसीया । पास जिन० । शिव कमलानन कमल विमल कुरु, तर मकरन्द पान अति रसीया ॥ पास जिन० १ ॥ वामा नन्दन मोहनि मूरत, सकल लोक जन मन किय वसीया । पास जिन० । परम-ज्योति मुख चन्द विलोकित, सुर नर निकर चकोर हरसीया। चकोर हर० २ पास जिन० ॥ अञ्जन गिरि तनु दुति जिन जलधर, देशना अमृत धार वरसीया । धार वर० पास जि० पीय करि भवि चिरकाल तिरसीया, सुगति युवति तनु तुरत फरसीया । पास जिन० । कुमुद सुपद शिवचन्द्र जिनें-द्रनो, वारीजाउं मन मेरो अतिह उलसीया ॥ पास जि० ३ ॥

॥ काव्य ॥

सलिल० ॐ ह्रीं त्रयोविंशत्तम श्रीमत्पार्श्व जिने० यजु० ।

इति श्रीपार्श्वजिन पूजा ॥ २३ ॥

॥ अथ २४ श्रीमद्वीरजिन पूजा ॥

॥ दोधक ॥

वर इक्ष्वाकु कुल केतु सम, त्रिशलोदर अवतार।
पूज प्रभुनी नित कीजीयै, विविध भक्ति सुखकार॥

॥ राग ॥

॥ तेज तरणि मुख राजे, हांरे मुख राजै। प्रभु जीको ते० (एचाल)॥

चरम वीर जिन राया (हांरे) जिनराया। मेरे प्रभु चरम वीर जिनराया। आं०। सिद्धारथ कुल मन्दिर धज-सम, त्रिशला जननी जाया। निरुपम सुन्दर प्रभु दरसन तें, सकल लोक सुखपाया (हांरे सुखपाया)॥ मेरे प्रभुच० १ वाम चरण अंगुष्ट फरसतै, सुरगिरि वर कम्पाया। इन्द्रभूति गणधर मुख मुनिजन, सुरपति वन्दित पाया (हांरे)॥ मेरे प्र० २॥ वर्त्तमान शासन सुखदाया, चिदानन्द घनकाया चन्द्रकिरण गुण विमल रुचिर धर, शिवचन्द्र गणि गुण गाया (हांरे)॥ मेरे प्र० ३॥ वरस नन्द मुनि नाग धरणि मित, द्वितियाश्विन मनभाया। धवलपक्ष पंचमि तिथि शनि युत, पुरजय नगर सुहाया (हांरे)॥ मेरे प्र० ४॥ श्रीजिन हरख सूरीसर साहिब, वर खरतर गच्छराया। खेमकीर्ति शाखा भुवन मणि, रूपचंद्र उवझाया (हांरे)॥ मेरे प्र० ५॥

महापूर्व जसु भूरी नरेश्वर, बन्दे पद उलसाया । तासु शांस वाचक पुण्यशील गणि, तसु शिष्य नाम धराया (हांरे) ॥ मेरे प्र० ६ ॥ समय सुन्दर अनुग्रही ऋषिमण्डल, जिनको शोभ सवाया । पून रची पाठक शिवचन्दै, आनन्द सङ्घ वधाया (हांरे) ॥ मेरे प्र० ७ ॥

॥ काव्य ॥

सलिल चन्दन० । ॐ ह्रीं श्रीप० चतुर्विंशतितम श्रीमद्वीर जि० वसु० । इति श्रीमहावीर जिनं पूजा विधिः ॥ २८ ॥

॥ स्रग्धरावृत्तद्वयं ॥

दुर्व्वारस्फार विघ्नोत्कट करटि घटोत्पातन स्पष्ट जाग्रद्, वीर्य प्राग्भारोत्पाट चंचत् कुशल हरिदरी जित्वरी दुर्नतानां संसारापार सिंधु त्तरण तरतरी भक्तिभाजा मजस्र, भव्यानां ब्रम्हपद्म प्रवण मधुकरी शङ्करी शङ्करी सा ॥ १ ॥ लोका लोक प्रलोक स्खलित विमल सद्दर्शण ज्ञान भानुः, श्रीमज्जैनेश्वरीयं त्रिभुवन विभुताप्ति श्चतुर्विंशतिश्च । श्रीसिद्धानन्त नाथालय विशदलसत् सर्व लोकाग्रभाग, प्रासादाग्र प्रदेशे जगति विजयते वैजयन्ती जयन्ती ॥ २ ॥ इति ऋषिमण्डल स्तुतिः ।

॥ अथ नवपद आरती ॥

जय जय जग जन वंछित पूरण, सुरतरु अभिरामी। आतम रूप विमल करतारक, अनुभव परिणामी ॥ जय २ जगसारा २ ॥ आरती पार उतारा, सिद्धचक्र सुखकारा ॥ १ ॥ जग नायक जग गुरु जिनचन्दा, भज श्रीभगवन्ता। आतम राम रमा सुखभोगी, सिद्धा जयवन्ता ॥ जय० २ ॥ पंचाचार दीपै आचारिज, जुगवर गुणधारी। धारक वाचक सूत्र अर्थना पाठक भवतारी ॥ जय० ३ ॥ सम दम रूप सकल गुण ज्ञायक, मोटा मुनिराया। दंशण नाण सदा जय कारक, सञ्जम तपपाया ॥ जय० ४ ॥ नव पदसार परम गुरु भाषै, सिद्धचक्र सुखकारी। ए भव परभव ऋद्ध सिद्ध दायक, भव सायर वारी ॥ जय० ५ ॥ करजोड़ी सेवक गुण गावै, मन वंछित पावै। श्रीजिनचन्द अखय पद पूजत, शिव कमला पावै ॥ जय० ६ ॥ इति श्रीनवपद आरती।

॥ अथ ऋषिमण्डल आरती ॥

जय जय जिनराजा। वारी ज०। आरती करुं शिव काजा, भव भय दुख भाजा ॥ जय० १ ॥ ऋषभ अजित

सम्भव जिन राया, अभिनन्दन सुमति । पद्म सुपारस चंद्रा प्रभुतै, दूर हुवै कुमति ॥ जय० २ ॥ सुविध शीतल श्रेयांस सवाई, करि बारम जिनकी। विमल अनन्त धर्म्म प्रभु शांति, हर आरति तनकी ॥ जय० ३ ॥ कुन्थुनाथ अरमल्लि मुनि सुव्रत, नमि नेमी श्रीकारा । पार्श्वजिनेश्वर वीर जिनंदा आतम हितकारा ॥ जय० ४ ॥ इण विधि आरती जे भवि करसी, भव सायर तरसी । श्रीजिनचन्द अक्षय पद फरसी, शिव कमला वरसी ॥ ज० ५ ॥ इति श्रीऋषिमंडल आ० ।

॥ अथ ऋषिमण्डल सुननेकी (वा) पूजनेकी विधिः ॥

प्रथम) आद्यन्ताक्षर सलक्ष० । यह । ऋषमण्डल स्तोत्र धूप, दीपादि विधि संयुक्त, आठ महिने तक प्रभात समय सुणें । ऋषिमण्डल में जो, मूल मन्त्र है सो शुभदिन शुभ-घड़ी । हाथमें फल फूल भेट शक्ति माफक लेई, गुरूके पास जावे । भेट धरके, विनय संयुक्त मूलमन्त्र ग्रहण करै । उस्का ८००० जाप, महिनामे करै । आंबिल करनेकी शक्ति होय तो, सदा करै । नहिं तो, आठम, चवदस, दो आंबिल जरूर करै । आठ महिना हुवा बाद ऊजमणो करे । उज-

मणेके दिन १०८ वेर सुणें। पीछे शक्ति होय तो, विधि संयक्त, ऋषिमण्डल स्थापन करायके, पूजा करे। विशेष शक्ति होय तो, २४ प्रकारी पूजा करावे। पूजामें सामग्री ज्यों पहली नवपदजीकी विधके ठिकाणें लिखी है सो, सर्व सामग्री इहां २४ चोईस लेणी। एक एक महाराजकी पूजा पढ़ायके, प्रथम जल, पीछे चन्दन, ऐसे अष्टद्रव्य अनुक्रमसे चढ़ावे। पीछे, सम्पूर्ण पूजा हुवा बाद, गुरुभक्ति करै। साहमी वच्छल करै। इहां, विशेष विधि गुरुके सुखसे समझ के करणी। यह ऋषमण्डल सुणने वाले पूजने वाले भव्य जीवोंके घरमें कभी उपद्रव न होगा। सदा आनन्द उच्छाह रहेगा। इत्यलंविस्तरेण। इति ऋषिमण्डल सुणने (वा) पूजन करनेकी विधि।

॥ इति ऋषिमण्डल २४ प्रकारी पूजा सम्पूर्णम् ॥

॥ ❀ अथ श्री समेत शिखर पूजा ❀ ॥

॥ अथ प्रथम पूजा ॥

॥ दोहा ॥

चौवीसे जिनवर तणा, प्रणमी जावे पाय। समेत शिखर गिरि रायनी, पूज करूं मन लाय १ ॥ शिखर समेत सिरोमणी, ए गिरवर कैलाश अति उत्तम मनोहरू, ए जोगिन्द्र विलास ॥ २ वीश प्रभू मुगतें गया, कर अणशण इह ठोर। तातें सुर किन्नर सबे, वन्दत हैं कर जोर ॥ ३ महिमा जाकी महियलै, कहि न सके कवि कोय मुक्ति महिल निश्रेणिका, ए तीरथ जग होय ॥ ४ ॥ मिथ्यामत राची रह्या, तिनकुं ए न सुहाय

चूकतणे मन किम गमे, दिनकर सब सुखदाय ५ ॥ अजित जिनन्द दिनन्द सम, दूषम सुषमा काल । कुशल करण जग जय हरण, प्रगट भए प्रतिपाल ॥ ६ ॥

॥ श्रीराग ॥

॥ हांहांरे देवा बावना चन्दन घस कुकुमा (एचाल) ॥

हांहांरे देवा) समेत शिखर गिर गायना, गुण गावां मन धर प्रेम ए । हांहांरे देवा । सुर गुरु पिण ए गिरतणी, बहु महिमा वरणे केम ए ॥ १ हांहांरे देवा ॥ वीश प्रभु मुगतै गया, अजितादिक श्रीजिन चन्द ए । हांहांरे देवा । इन कारण ए गिरवरू, निश्रेयस सुरतरु कन्द ए ॥ २ हांहांरे देवा ॥ कोड़ा कोड़ी मुनिवरू, सीधा बहु इन गिर आय ए । हांहांरे देवा । ए गिर फरस्यां भावथी, पापी पिण पावन थाय ए ॥ ३ हांहांरे देवा ॥ श्रावक सुध समकित धरै, ते विध पूर्वक धर प्रेम ए । हांहांरे देवा । बालकहै जिन चन्दनां करै भक्ति सदा निजखेम ए ॥ ४ हांहांरे देवा ॥ १ ॥

॥ ढाल दूजी ॥

॥ पूर्वमुख सावनं, करि दर्शण पावनं (एचाल) ॥

अजित जिनचन्द सुरवृन्द सेवित सदा, सुभग पद-कज तणी सेवना । हांरे अईयो सेवना ए । जगत दुर्लभ

भणी रत्नपर जीवकुं, पूजीये चरण जिन देवना ए ॥ हांरे० १ तारण तरण भवोदधि भविक जीव केई, परम उपगार करः निस्तऱ्या । हांरे० । शिखर गिर राय पर पाय निर्वाणपद सिद्ध निजरूप गुण सम्भऱ्या ॥ हांरे० २ ॥ अष्टविध पूजना द्रव्य भावै करै, भाव मन सौच धर जे नरा । हांरेअ० । ते शिखर तीर्थ शिव सौख्य सम्पद वरै, बाल जिन भक्त वत्सल करा ॥ हांरे अईयां वत्सल० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्रीपरमात्मने अनन्तानन्त ज्ञानशक्तए जन्मजरा मृत्युनिवारणाय श्रीअजित जिनेन्द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहाः । इति प्रथम पूजा ॥ १

॥ अथ द्वितीय पूजा ॥

॥ दोहा ॥

श्रीसंभव भवदल अनघ, जलधर सम जिनराज । पर उपगारी परम गुरु, भए भविक सुख काज ॥ १ ॥

॥ राग वेलाउल ॥

॥ विलेपन कीजै श्री जिनवर अङ्ग (एदेशी) ॥

पूजियै जिन मनरङ्ग जिनेसर । पूजि० । जल कुंकुमाक्षत धूप दीप करी, नेवज फल मनचङ्ग ॥ जिने० १ ॥ सेना मात जितारी तात सुत, श्रीसम्भव जिन अङ्ग । हार सुगट कुंडल

वर भूषण, चाढ़ो भवि सुभढङ्गै ॥ जिनं० २ पूजि० ॥ शिखर शिखर पर शिखर भए है, अनन्त चतुष्क सुरङ्गै । बालचन्द्र प्रभु अधम उधारन, प्रभुता परम प्रसङ्गै ॥ जिनं० ३ पू० ॥
ॐ ह्रीं श्री परमात्मने० संम्भव जिनेन्द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा । इति द्वितीय पूजा ॥ २ ॥

॥ अथ तृतीय पूजा ॥

॥ दोहा ॥

अभिनन्दन जिनचन्दकी, महिमा वरणी न जाय । परम रूप परमातमा, सदानन्द सुख-दाय ॥ १ ॥

॥ राग सारङ्ग ॥

॥ सांझसमें जिन वन्दो भवि० (एचालमें) ॥

अभिनन्दन जिन वन्दो, भविजन । अभि० । (आंकणी) संवरतात सिद्धारथमाता, जाके कुल नभचंदो ॥ भ० १ अ० अधम उधारन भव दुःख वारन, शिव सुरतरुनो कंदो । इन्द्र चन्द्र असुरेन्द नमै नित, वन्दित सुर नर वृन्दो ॥ भ० २ अ० समेतशिखर पर शिवसुख पायो, मिटगयो भव भय फन्दो । बालचंद्र प्रभु तरण तारणको, पूजनकरी चिरनंदो ॥ भ० ३ अ०
ॐ ह्रीं श्री प० अभिनंदन जि० स्वाहा । इति तृतीय पूजा ॥ ३

॥ अथ चतुर्थी सुमति जिन पूजा ॥

॥ दोहा ॥

सुमतिनाथ सम सम्पदा, सदा सुमति दातार ।
सेवै सुर नर अमर सहु, चरण शरण चितधार ॥

॥ राग सारङ्ग ॥

॥ चरणकी चरणकी चरणकी वारीजाउं मैं॰ (एचाल) ॥

बलिजाउं मैं सुमति जिनन्दकी । ब॰ । (आंकणी) ।
पूरणब्रह्म भए परमातम, मेघ कुलांबर चन्दकी ॥ ब॰ १ ॥
भविकुल कमल बिकास करणकुं, प्रगट प्रताप दिनन्दकी ।
सवि गुणलायक बंछित दायक, शासन सुर तरु कन्दकी ॥
बलि॰ २ ॥ करन सुसेवा खचर अमर नर, मात सुमङ्गला
नन्दकी । बालचन्द्र प्रभु पतित उधारण, सबगुण रतन समं-
दकी ॥ ब॰ ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने॰ श्रीसुमतिजिनेन्द्राय
अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा । इति चतुर्थ पूजा ॥ ४ ॥

॥ अथ पञ्चमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

पदम प्रभू पद पद्मकी, सरण गही सुख
दाय । दर्शण बिन अनदेवको, सङ्ग कबून सुहाय
॥ १ ॥

॥ राग सोरठ मल्हार ॥

॥ अणियारे नैन जिनके, सखि मुनि सङ्ग बालक क्किनके (एचाल) ॥

प्रभुसेती प्रीत लागी, मेरी भाग्यदिसा अब जागीरे ॥ प्रभु० आंकणी ॥ पद्मप्रभुजीके दरशण अन्तर, आगल अब मेरी भागीरे ॥ प्र० १ ॥ प्रभु परमातम मैं बहिरातम, अनुभव आतम सागी । प्रगट प्रताप प्रभू प्रभूतालख, अब मैं भयों अनुरागी ॥ प्र: २ ॥ अन्तरगतकी वेहीज बूझै, क्या बूझै जो दागी । बालचन्द्र निज नाथ निहारत, कुमति कुट लता त्यागीरे ॥ प्र० ३ ॥ इति ॐ ह्रीं श्री परमात्मने श्रीपद्मभूजिन अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहाः । इति पंचम पूजा ॥ ५ ॥

॥ अथ षष्ठी सुपार्श्वजिन पूजा ॥

॥ दोहा ॥

लोह धातु सम आतमा, परमातम चिद्रुप ।
कञ्चन रूप करै प्रगट, श्रीसुपास जिन भूप ॥ १
श्रीसुपास जग जीवके, पारस सम जिनराज ।
थण घड आतम लोहकुं, कञ्चन करै सुकाज ॥ २

॥ राग वसन्त ॥

दादा कुशल अरिंद तुम दरशणतैं परमानंद, दा० (एचाल)

भवि पूजो सुपास, सहुनी वंछित पूरै आस । भवि० । जाकां कमल सम सुगन्ध सास, आहार नीहार अदृश्य जास भवि० १ ॥ न घटै न वधै नख केश पास, मांसासृग उज्वल वर्णतास । भवि० । अतिशय चौतिश तणो प्रकाश, तरण तारण जग जस सुवास ॥ भवि० ॥ श्रीसमेत शिखर पर कर निवास, प्रभु पायां मुक्ति महिल सुवास । भ० । प्रभुके समरणसें कर्मनास, कहै बाल सदा मैं प्रभुको दास ॥ भवि० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मनं० श्रीसुपार्श्व जिनेन्द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहाः । इति षष्ठी पूजा ॥ ६ ॥

॥ अथ सातमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

चन्द्रा प्रभुकी चन्द्र सम, मुख शोभा मनुहार।
देखत दृग आनन्द लहै. सूरत अति सुखकार ॥ १

॥ राग ॥

॥ मल्हि मनोहर तुझ ठकुराई (एराग) ॥

श्री चन्दा प्रभु अरज सुणीजै । श्री चन्दा० (आंकणी) त्रिभुवन नाथ गरीबके ऊपर, दीन दयाल निवाजस कीजै ॥ श्री चन्दा० १ ॥ अधम उधारण विरुद तुमारो, मोसो अधम न ओर कहीजै । श्री० । इह संसार अपार अगाधमैं, साहिब

शरणागत रख लीजै ॥ श्री चन्दा० २ ॥ मो पतितनकुं पार उतारो, निज निर्यामक विरुद वहीजै । श्री० । बालचन्द्र प्रभु शिव सुख दायक, आतम सम्पद अव मोहि दीजै ॥ श्री चन्दा० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने० श्रीचन्द्रा प्रभु अष्ट-द्रव्यं यजामहे स्वाहाः । इति सातमा पूजा ॥ ७ ॥

॥ अथ अष्टमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

सुविध जिनन्द दिनन्द सम, जग जीवन हितकार । मिथ्या मोह अग्यान तम, दूर हरण दिनकार ॥ १ ॥

॥ राग ॥

॥ जिया चतुर सुजाण नवपदके गुणगायरे (एहनी) ॥

भेटो भविक सुजाण सुविध जिनन्द सुभ भावरे । भे० । उत्तम कुल नरभवतें पायो, फिर अैसो नही दावरे ॥ भे० १ भक्त उधारण भवि निस्तारण, भवसागरकी नावरे । भे० । तन मन वस कर निज आतमको, प्रभु समरण लय लायरे ॥ भे० २ ॥ द्रव्य भाव युत पूजन करीयै, मनधर अधिक उच्छा-वरे । भे० । बालचन्द प्रभु पतित उधारण, मिल गये पुन्य पसावरे ॥ भ० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने० श्रीसुविध जिनें द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहाः । इति अष्टमी पूजा ॥ ८ ॥

॥ अथ नवमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

श्रीशीतल मुनि इन्दकी, महिमा अजब अपार
ज्ञानानलथी जिणदीशा, कर्म अष्टेंधन जार ॥ १

॥ ढाल ॥

॥ सिद्धाचल गिरि भेव्यारे धनभाग्य हमारा (एहनी) ॥

श्री शीतल जिन वन्दो रे भविजन सुखकारा । श्री० । पतित उधारन दुरगति बारक, दायक शिवसुख सारा रे ॥ भ० १ ॥ भक्त भविक भव भय अपहारी, ए प्रभु परम सुप्यारारे । भ० । मिथ्या ग्रीषम ताप निवारन, प्रभु चन्दन अनुकारा रे ॥ भ० २ ॥ पर उपगारी परम महागुरु, परमातम अविकारा रे । भ० । बाल कहै प्रभुको भव भवमै, चरण शरण मन वारारे ॥ भ० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने० शीतल जिनेन्द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा । इति नवम पूजा ॥ ९

॥ अथ दशमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

श्रीश्रेयांस जिनन्दनी, चरण शरण सुखकार ।
पुन्य प्रशाद मिल्यो मुझै, भव २ सुख दातार ॥ १

॥ ढाल ॥

॥ दादा चिरञ्जयो सेवक जन सुखदाई दरशण
सदा दीयो (एचाल) ॥

भवि भावधरी श्री श्रेयांस जिनेसर पूजो मनरली । भ०
ए प्रभु सम अवरन को देवा, जाकी चौसठ इन्द्र करै सेवा।
ते लहै सुर सुख शिवसुख मेवा ॥ भ० १ ॥ प्रभु परतिख
सुरतरु सम स्वामी, जाकी पुन्य प्रसाद सेवा पामी । प्रभु
जग जीवन अन्तर जामी ॥ भ० २ ॥ प्रभु दीन दयाल परम
दाता, जग वत्सल जग बन्धव त्राता । कहै बाल सकल
दायक साता ॥ भ० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने श्री श्रेयांस
जिनेंद्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा । इति दशम पूजा ॥ १०

॥ अथ इग्यारमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

परमातम परमेसरू, श्री तेरम जिनराज ।
ध्यावो सेवो भविक जन ज्युंपावो सुखसाज ॥ १

॥ राग कनड़ो ॥

॥ मेरी लागी लगन जिन चरणे, मेरी० (एचाल) ॥

मन मोह्योरी मेरो जिन चरणे । म० । दुःख दोहग
सब हरणे । म० । विमल जिनन्दकी अदभुत तनुछवि ।

सोभत सोवन वरणै ॥ म० १ ॥ दीन दयाल दयानिध दाता, सब जीवन सुख करणै । म० । परमातम प्रभु परम परम गुरु, प्रभु भए तारण तरणें ॥ म० २ ॥ पुन्य प्रसाद लह्यो प्रभु दरशण, सास्वत शिवमुख धरणें । म० । बालकहै प्रभु सेवक जाणी, रख लीजै मोहि शरणै ॥ म० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने अनन्ता० जन्मज० श्रीमत्० श्रीविमल जिनें० अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा । इति इग्यारमी पूजा ॥ ११ ॥

॥ अथ बारमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

श्री अनन्त जिन देवको, सेव करो मनलाय ।
मन वंछित सुख जिम लहै, दुरगत दूर पुलाय ॥ १

॥ राग मालवी गौड़ी ॥

॥ सब अराति मथन मुदार धूपं, करत गंध रसाल रे देवा० (एचाल) ॥

ध्यावो सेवो भविजन भक्तै, अनन्त जिनन्द महाराज रे देवा । ए सुर तरु सम जगमे जिनवर, तारण तरण जिहाज रे देवा ॥ ध्या० १ ॥ कृपासिन्धु भगवान परम गुरु तीन भुवन सिरताज रे देवा । ध्या० । जिन सेवातें शिव सुख पामें, सफल हुवै सब काज रे देवा ॥ ध्या० २ ॥ इह

सन्सार असार भजन विन, कैसें रहै निज लाज रे देवा । बालचन्द प्रभु पर उपकारी, दायक अविचल राज रे देवा ॥ ध्या० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने अनन्त जिनेन्द्राय अष्ट-द्रव्यं यजामहे स्वाहा । इति बारमी पूजा ॥ १२ ॥

॥ अथ तेरमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

धर्म जिनेशर परम गुरु, पर उपगारी देव ।
परमातम प्रभु चरणकी, कीजै नित प्रति सेव ॥ १

॥ राग भैरवी ॥

॥ पंचवरणी अङ्गी रची कुसुमजाती कुसुमजातीरे अईयो कुसुम० पां० (एचाल) ॥

सुखकारी रे देवा सुखकारी । धर्म जिनन्द सेवो सुख-कारी, सुखकारी रे देवा । धर्म० । तीन भुवनके साम शिरो-मणि, सब जीवनको है हितकारी ॥ धर्म० १ ॥ जग जीवन जग बन्धव जग गुरु, परम पुरुष प्रभु उपगारी । अकल सकल अघहर पर अनुपम, अचल अगोचर अविकारी ॥ ध० २ ॥ भव सन्ताप निवारण तारण, जिन सेवा मोहि अति-प्यारी । सुर तरु सम प्रभु चरण शरणको, बालचन्द कहै बलिहारी ॥ धर्म० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने श्री धर्म जिनें-द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा । इति तेरमी पूजा ॥ १३ ॥

॥ अथ चवदमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

शांति करण सब दुःखहरण, शांति जपो सुख कार। शिव सुख दायक जगत गुरु, परमातम अविकार ॥ १ ॥

॥ राग गौड़ी ॥

॥ केसरीया नें ज्याजको लोक तिरायो, ए अचिरिज मोहि आयो कं० (एचाल) ॥

शांति जिनेसर ध्यावो, भविजन शांति०। तरण तारण भव सागर जिनको, तीन जगत जस चावो ॥ भ० १ शा० शांति सुधारस नाम प्रभुको, समरन कर मन भावो। कर्म कोट सतखण्ड हुवै तब, सुद्ध सरूपी थावो ॥ भ० २ शां० ॥ भक्ति करो मन सुध भगवन्तकी, मन सुध प्रभु गुण गावो। बालकहै प्रभुके सेवनसे, मन वांछित फल पावो ॥ भ० ३ शां० ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने श्रीशांति जिनेन्द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा। इति चवदमी पूजा ॥ १४ ॥

॥ अथ पनरमी पूजा ॥

॥ सोरठा ॥

कुन्थु जिनेशर देव, भविजन पूजो भावथी। चरण कमल की सेव, इंद्रादिक नित प्रति करै ॥

॥ राग सोरठ ॥

॥ कुन्द किरण शशी ऊजलोजी देवा, पावन घसि घनसारोजी आछो (एचाल) ॥

चन्द्र किरण जैसो ऊजलारे देवा, जग जश प्रभु विस्तारोजी । आछो । अनन्त गुणेंकरी सोभतारे देवा, कुन्थु जिनन्द जग सारोजी ॥ आछो १ ॥ कामित दायक सुर तरूरे देवा, सर्व जीवन प्रति पालोजी । आछो । भवि जन पूजो भावधारे देवा, ए प्रभु परम आधारोजी ॥ आछो २ शिव सुख दायक साहिवारे देवा, पतित उधारण हारोजी । आछो । वालचन्द्र जिनचन्द्र नोरे देवा, शरण गह्यो सुख कारोजी ॥ आछो ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने श्री कुन्थु जि॰ अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा । इति पनरमी पूजा ॥ १५ ॥

॥ अथ सोलमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

श्री अरनाथ जिनन्दनी, पूजा अष्ट प्रकार ।
करियै मन सुध भावसो, भव भव सुख दातार ॥

॥ राग कालिङ्गड़ो ॥

॥ मनारे जिन चरणा चितलावो, मनारे (एहनी) ॥

श्री अरनाथ कुं ध्यावो मनारे, त्रिभुवन पति गुणगावो

म० त्रि०। ऐसो अवरन देव जगतमैं, जाकों जग जश चावों म० १ त्रि०॥ सूर नरेशर नन्दन प्रभुजी, मात प्रभावती छावों। तन मन लगन लगावों प्रभूसें, नरक निगोद नजावों म० २ त्रि०॥ परम पुरुष परमेशर प्रभुकी, चरण शरण मन भावों। दीन दयाल दयानिध पूजत, बाल परम सुख पावों म० ३ त्रि०॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने श्री अरनाथ जिनेन्द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहा। इति सोलमी पूजा॥ १६॥

॥ अथ सतरमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

कुम्भ समुद्भव जगधणी, मल्लि जिनेशर देव।
जसु पद पङ्कजकी करै, इंद्र चंद्र नित सेव॥ १

॥ राग कल्याण ॥

॥ तेरी पूजावनी तेरसमैं, ते० (एचाल)॥

मेरी लगन लगी जिन चरणें, मल्लि जिनन्द सुख करणै होमेरी०। त्रिभुवन नायक सब सुख दायक, ए प्रभु अशरण शरणें॥ होमेरी० १॥ अनुपम रूप बिराजित प्रभुजी, सोभत सोवन बरणै। होमेरी०। अकल अगोचर प्रभु उपगारी, ध्यावो सब दुख हरणै॥ होमेरी० २॥ जो निज आतम कुं सुख चावो, लावो चित्त समरणै। होमेरी०।

बालकहै प्रभु अधम उधारण, राख लीजै मोहि शरणे ॥ हो मेरी० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने श्री मल्लि जिनेन्द्राय अष्ट-द्रव्यं यजामहे स्वाहा। इति सतरमी पूजा ॥ १७ ॥

॥ अथ अठारमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

विंशतितम जिनवर नमुं, मुनि सुव्रत जिनचंद।
भावै भविजन भेटियै' छूटलै भविफन्द ॥ १ ॥

॥ राग मल्हार ॥

॥ चिहुंओर बदरिया बरसै (एचाल) ॥

मुनि सुव्रत स्वामी दरसै, आज आनन्द घन बरसै हो। मु०। समेत शिखर पर प्रभु पद पङ्कज, पुन्य प्रसादे फरसै हो ॥ मु० १ ॥ प्रभु दरशण घनघोर घटालख, मोर नयन युग तरसै हो। मु०। भविजन चात्रक प्रभुगुण गावत, भावत भावन झरसै हो ॥ मु० २ ॥ धर्म ध्वनि जाकै उप-जत खेती, कर्म निरस होय निरसै हो। मु०। बाल प्रसाद प्रभुजीके आतम, परमातम प्रभु सरसै हो ॥ मु० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने अनन्त। जन्म० श्रीमत० श्रीमुनि सुव्रत जिनेन्द्राय अष्टद्रव्यं स्वाहा। इति अठारमी पूजा ॥ १८ ॥

॥ अथ उगणीसमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

नमिजिन पूजो भावसों, भविक भक्ति मनलाय
भाव सुद्ध जिन पूजतां, दुरगति दूर पुलाय ॥ १

॥ राग मालवी गौड़ी ॥

॥ सव अराति मथन मुदार धूपं (एचाल) ॥

नमि जिनेसर जग दिनेसर, पूजो भविजन भावरे
जगतपति जिनराज साहिव, भव समुद्रनो नावरे ॥ न० १
इन्द्र चन्द्र सुरेंद्र नर सुर, पूजनको जसु चावरे. तरण तारण कृपा सागर, सेवनको अव दावरे ॥ न० २ ॥ पुन्य उदय प्रभु दरशन पायो, आनन्द कन्द सुभ भावरे । बाल कहै प्रभुके चरणकी, शरण मोहि सुहावरे ॥ न० ३ ॥ ॐ ह्रीं श्री परमात्मने० अनं० जन्म० श्रीमत्० नमि जिनेन्द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहाः । इति उगणिसमी पूजा ॥ १९ ॥

॥ अथ बीशमी पूजा ॥

॥ दोहा ॥

पारश पारशनाथका, गुणगातां गहिगट्ट ।
कष्टटलै संपति मिलै, मनवंछित फलथट्ट ॥ १ ॥

॥ राग ॥

॥ सांवरीया स्वामीजी अब मोहि तारो (एचाल) ॥

सांवरीया साहिबकी बलिहारी। सां०। अश्वसेन तात वामा देवी माता, पाश जिनन्द है सुखकारी ॥ सां० १ ॥ जाके गुणको पार न पावै, इन्द्र नरेंद्र नर नारी। सां०। भव भव भमतां प्रभुजीमें पाया, दुरगति दूर निवारी ॥ सां० २ ॥ अबमें प्रभुविन और न चाहुं, एही तुझमन इकतारी। बालकहै प्रभु साहिब मेरै, शिव सुखदो मो हितकारी ॥ सां० ३ ॥

॥ ढाल दूसरी ॥

॥ तेज तरण मुख राजै। हांओ मुख० (एचाल) ॥

भविजन शिखर समेत वधावो। भ०। वीश जिनेसर मुगत सिधाए, ए तीरथ जग चावो ॥ भ० १ ॥ द्रव्य भावकरी पूज रचावो, त्रिभुवन पति गुणगावो। समकित पुष्टालम्बन कारण, ए सम ओर न भावो ॥ भ० २ ॥ सकल सङ्घ मुर्शिदाबादमें, आनन्द अधिक वढ़ावो। भक्ति भावसें प्रभुजीकुं पूज्या, मन वंछित फल पावो ॥ भ० ३ ॥ सम्वत सिधि नभनिधि वसुधा सुभ, कार्त्तिक सुदि पणचावो। जिन सौभाग्य सूरी सर गुणनिधि, खरतर गछपति चावो ॥ भ० ४ ॥ अमृत लाभ समुद्र पसायें, पूज रची भवि भावो।

बालचन्द परमातम प्रभुका, हरष हरष गुण गावों ॥ भ० ५
ॐ ह्रीं श्री परमात्मने अनन्तानन्त ग्यानशक्तये जन्मजरा मृत्यु निवारणाय श्रीमत् पार्श्व जिनेन्द्राय अष्टद्रव्यं यजामहे स्वाहाः। इति बीशमी पूजा ॥ २० ॥

॥ राग कड़खो ॥

शिखर गिरि तीर्थंकर वीश जिनवर मुदा, भक्ति भर भविक वर पूज करीयै। अष्टविध विविध धरि सिद्धि नवनिधि सही, सुघट घट सम्पदा प्रगट वरियै ॥ शि० १ ॥ विकट वटकर्मकी जाट दूरै करां, विबुध बुध आतम निज सुद्धि धरियै। चरण जिन शरण गहि भव तरण जन लहै, चरण दरशण लही ज्ञान चरियै ॥ शि० २ ॥ धन्य दिन आज जिन राज गिरराज चढ़, दरस लहि सरस सन्सार दरियै। धर्म धर मगन जिन भक्ति पूरण गही, दुराति गति दुःखसे दूर टरियै ॥ शि० ३ ॥ अष्ट नभ निधि सदा सिद्धि सुद मायमें पूज करि शक्ति निज भक्ति भरियै। बाल प्रतिपाल सुविसाल गुण गावतां, धार भव वार निधि पार तरियै ॥ शि० ४ ॥

॥ * इति श्री बालचन्दजी उपाध्याय कृत समेत
शिखर गिरि पूजा सम्पूर्णम् * ॥

॥ अथ नवपद मण्डल पूजा विधि ॥

प्रथम सुन्दर अङ्गोपाङ्गवाले नव स्नात्रिया मन्त्रित जलसे स्नान करे। (स्नानमन्त्र) ॐ ह्रीं अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षणी अमृत श्रावय २ स्वाहा। इस मन्त्रसे जलमन्त्रे। पीछे ॐ ह्रीं अमले विमले विमलोद्भवे सर्व तीर्थ जलोपमे पांपां वांवां अशुचि शुचि भवामि स्वाहा। इस मन्त्रको सातबेर पढ़ता हुआ स्नान करे। पीछे, ॐ ह्रीं आं क्रों नमः। सातबेर इस मन्त्रसे वस्त्र शुद्ध करके पहरे। पीछे, ॐ आं ह्रीं क्रों अर्हते नमः। इस मन्त्रसे सातबेर गुरुपास केसर मन्त्रायके तिलक करे। पीछे, ॐ ह्रीं अवतर २ सोमे २ कुरु २ वल्गु २ सुमणसे सोमणसे महु महु रे। ॐ कवली कः क्षः स्वाहाः। इस मन्त्रसे मोली मेंढल मरोड़ा फली मन्त्रायके हाथमे बांधे और, नव मण्डलजीके चारुं तरफ मोली मेंढल बांधे, सोभी इसी मन्त्रसे मन्त्रायके बांधे। इसीतरे अपना अङ्ग शुद्ध करणे

स्नात्रिया गुरुके सन्मुख हाथ जोड़के बैठे। जब गुरु, ॐ परमेष्ठि० स्तोत्र पढ़के अङ्गरक्षा करै। अङ्गरक्षा मन्त्र। ॐ परमेष्ठी नमस्कारं, सारं नवपदात्मकं। आत्मरक्षा करं वज्रं, पञ्जराभं स्मराम्यहं ॥ १ ॥ ॐ नमो अरिहन्ताणं, शिरस्कं शिरसिस्थितं। ॐ नमो सव्वसिद्धाणं, मुखे मुखपटम्वरं ॥ २ ॥ ॐ नमो आयरियाणं, अङ्गरक्षाति शायिनी। ॐ नमो उवज्झायाणं, आयुधं हस्तयो दृढं ॥ ३ ॥ ॐ नमो लोए सव्वसाहुणं, मोचके पादयो शुभे। एसो पञ्च नमुक्कारो, शिला वज्र महीतले ॥ ४ ॥ सव्व पावप्पणा सणो, वप्रोवज्र मयोवहिः। मङ्गलाणञ्च सव्वेसिं, खादिराङ्गार खातिका ॥ ५ ॥ स्वाहान्तञ्च पदं ज्ञेयं, पढ़मं हवइ मङ्गलं। वप्रो परिवज्रमयं, पिधानं देह रक्षणे ॥ ६ ॥ महा प्रभावा रक्षेयं, क्षुद्रोपद्रव नाशिनी। परमेष्टि पदोद्भूता, कथिता पूर्व सूरिभिः ॥ ७ ॥ यश्चैवं कुरुते रक्षां, परमेष्ठि पदै सदा। तस्यनस्याद्भयं व्याधि, राधिश्चापि कदाचिनः ॥ ८ ॥ इति आत्मरक्षा वज्रपिञ्जर स्तोत्र। यह स्तोत्र तीनवार गुणके आत्मरक्षा करै। पीछे, तीनवेर नवकार मन्त्रसे मन्त्रायके चोटीमें गांठ देवै। तथा, तीन नवकार गुणके सर्व स्नातियाके कानमें फुंक देवे। इतनी विधीता, हरकोई पूजा प्रतिष्ठा मण्डलादिकमें स्नातियांको प्रथम अवश्य करणी कराणी चाहियै। पीछे, मन्दिर-

जीमें अधिष्टायक देव देवी जो होय, उन सबको पूजा करावे अष्टद्रव्य चढ़ावे। पीछे, चमेलीका तेलमें, हिंगलू वा सिंदूर मिलके क्षेत्रपालजीकी पूजा करे। चांदीका वरग वा मालो प्रमुखसे अङ्ग रचना करै। अत्तर चढ़ावे। फूल, धूप, दीप, नैवेद्य, फल, जल, रोकनाणो, इत्यादि सर्व द्रव्य, ॐ क्षेत्रपालाय नमः। ऐसा बोलता हुवा चढ़ावे। पीछे, मण्डलजी के दहिणे पासे, १० दश दिग्पालके पट्टकी थापना करे। एकेक दिग्पालकी पूजा पढ़के, जल चन्दनादि सर्व द्रव्य, नागरवेलके पानसुद्धा चढ़ाता रहे। दशुं दिग्पालकी पूजा हुए पीछे, ऊपर कसुंबल वस्त्र बांधे। आगे सर्व द्रव्य चढ़ावे दीपक करै। पीछे, वामपासे नवग्रहका पट्टकी थापना करके पूर्वोक्त प्रकार पूजा करै। पीछे, सर्व स्नात्रियाकुं १८ स्तुतिसे देव वन्दन करावे। इहां १० दिग्पाल, नवग्रहकी पूजाका मन्त्र तथा देव वन्दनकी विधि विस्तारके भयसेती न लिखी है. सो, परे शांति पूजामें लिखेंगे. इसी मुजब, सर्व विधि करावे. पीछे, मण्डलजीकी प्रतिष्ठा करे।

॥ अथ मण्डल प्रतिष्ठा विधि ॥

प्रथम दोनु पासे मोली सुत्रकी वत्ती जगाके घृतका दीपक करें। इन दोनु दीपककों चार पहर अखण्ड रक्खे।

पीछे सोने, चांदी आदिका कलशमें अबोट उत्तम जल भरके सोनावाणी करै। हाथमे कलश लेके ७ सात नवकार गुणें। ॐ ह्रीं जीरावला पार्श्वनाथ रक्षां कुरु २ स्वाहा। इस मन्त्रसे ७ वार जलको मन्त्रायके मण्डलजीके चारो तरफ धारा देवै ऊपर जरा छींटा देके पवित्र करै। धूप खेवै. पीछे नवतारी मोली सुत्रका साढ़े तीन फेंटा मण्डलजीके बाहर कर देवै। पूर्वोक्त मन्त्रसे मन्त्रके मोली तथा मेंढ़ल मरोड़ा फली चारो तरफ बांधे। पीछे केशरकी कटोरी हाथमे लेके। ॐ आं ह्रीं श्रीं अर्हते नमः। इस मन्त्रसे मन्त्रके मण्डलके ऊपर केशरका छींटा देवे। ऊपर चावलको साथियो करै। टीकी देवे. मण्डलके अगाड़ी चावलको साथियो वा नन्द्यावर्त्त करके ऊपर नारियल रुपियो भेट धरे। पीछे केशर, चन्दन, कुंकुम लेकर मण्डलजीके चारो तरफ तीन रेखा आलेखन करे। पीछे वाशक्षेप, पुष्प हाथमे लेके। ॐ भूरसी भूतधात्री विश्वाधारे नमः। इस मन्त्रसे सातवेर मन्त्रके मण्डलभूमि तथा पीठकी पूजा करै। फेर आचार्य गुरु वाशक्षेप हाथमे लेके। ॐ ह्रीं श्रीं अर्हत्पीठाय नमः। इस मन्त्रसे ७ वेर मन्त्रके मण्डल पीठकी पूजा करे। पीछे स्नातिया हाथमे पुष्प, चावल लेलेके तीन वेर मण्डलको वधावे। नीचे चावलको साथियो करके रुपियो नारियल थापनाको धरै। पीछे स्नातिया मन्दिरके

